डाक पंजीयन नं. AD -326/2021-2023

website:www.aadhuniksamachar.com

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

वर्ष -09 अंक -282, पृष्ठ- 8, (प्रयागराज ,बुधवार, 24,जनवरी, 2024), मूल्य : 2.00 रूपये

ब्रीफ न्यूज

इस साल रासायनिक परमाणु हमलों से निपटने की तैयारी करेगी एनडीआरएफ

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने इस वर्ष रासायनिक, जैविक, रेडियोएक्टिव और परमाणु (सीबीआरएन) हमलों से प्रभावी

रूप से निपटने की तैयारी करने का निणर्य लिया है। इस काम के लिए गृह मंत्रालय ने हाल ही में उपकरणों की खरीद को भी मंजूरी दे दी है। यह जानकारी गुरुवार को एनडीआरएफ महानिदेशक अतुल करवाल ने दी। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने इस वर्ष रासायनिक जैविक रेडियोएक्टिव और परमाणु (सीबीआरएन) हमलों से प्रभावी रूप से निपटने की तैयारी करने का निणर्य लिया है। इस काम के लिए गृह मंत्रालय ने हाल ही में उपकरणों की खरीद को भी मंजूरी दे दी है। यह जानकारी गुरुवार को एनडीआरएफ महानिदेशक अतुल करवाल ने दी है। वह शुक्रवार को विज्ञान भवन में संघीय आकस्मिक बल के 19वें स्थापना दिवस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2020 में विशाखापत्तनम में स्टाइरिन गैस रिसाव और गत वर्ष लुधियाना में गैस रिसाव की घटनाओं के बाद हमनें इस प्रकार की तैयारी करने का मन बनाया है।

गोधरा जैसी घटना' टिप्पणी से घिरे हरिप्रसाद ने अपनी ही सरकार पर साधा निशाना, पुलिस ने की पूछताछ

(आधुनिक समाचार सेवा)

बेंगलुरु। कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना हो सकती है जैसी टिप्पणी करने वाले कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद से पुलिस ने शुक्रवार को पूछताछ की। पुलिस कर्रवाई के बाद हरिप्रसाद ने अपनी ही पार्टी की राज्य सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्हें नहीं पता है कि यह कांग्रेस की है या आरएसएस पोषित सरकार है कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना हो सकती है जैसी टिप्पणी करने वाले कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद से पुलिस ने शुक्रवार को पूछताछ की। पुलिस कर्रवाई के बाद हरिप्रसाद ने अपनी ही पार्टी की राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मैंने पुलिस से कहा कि यदि आवश्यक हो तो मेरा लाई डिटेक्टर टेस्ट (पोलीग्राफी) कराए।

उत्तर भारत में अभी और बढ़ेगी ठंड हिमाचल-उत्तराखंड में यलो अलट

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी का कहर जारी है। मैदानी क्षेत्रों में चल रही बर्फीली हवाओं से लोग ठिठुर रहे हैं। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने ठंड को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत में अगले चार दिनों तक घना कोहरा और ठंडे दिन की स्थिति जारी रहने की संभावना है उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी का कहर जारी है। मैदानी क्षेत्रों में चल रही बर्फीली हवाओं से लोग ठिठुर रहे हैं। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने ठंड को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में अगले चार दिनों तक घना कोहरा और ठंडे दिन की स्थिति जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत में ठंड का सिलसिला बरकरार रहेगा। अगले चार दिनों के दौरान घना से बहुत घना कोहरा और ठंडे दिन की स्थिति जारी रहने की संभावना है। इसके साथ ही अगले दो दिनों के दौरान दिन में गंभीर शीत लहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अगले दो दिनों के दौरान शीत लहर की स्थिति जारी रहने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में ठंड का सितम जारी है। दिल्ली में कम विजिबिलिटी के कारण छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट पर कई फ्लाइट देरी से चल रही हैं और कुछ फ्लाइट रद्द हो गई हैं। इसके अलावा घने कोहरे के कारण देश के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली आने वाली 11 ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ठंड को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले चार-पांच दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी और इस दौरान घना कोहरा रहने की संभावना है। वहीं, बिहार में पश्चिमी हवाओं के कारण ठंड का असर अगले कुछ दिनों तक रहेगा। साथ ही दिन और रात के समय ठंड बरकरार रहेगी और घने कोहरे से भी राहत नहीं मिलने वाली है।उत्तराखंड में सर्दी का सितम फिर बढ़ गया है। मैदानी क्षेत्र घने कोहरे के प्रकोप से बेहाल हैं। अगले दो दिन देहरादून समेत आसपास के क्षेत्रों में शीत दिवस की स्थिति बन सकती है। मैदानी क्षेत्रों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब में कोहरे और कड़ाके की ठंड जारी है। पंजाब में चल रही शीतलहर ने ठिठुरन और बढ़ा दी। कई शहरों में विजिबिलिटि शून्य रही। इस बीच मौसम विभाग ने घना कोहरे और शीतलहर को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। कश्मीर में अगले सप्ताह हल्की बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। उम्मीद है कि लंबे समय से जारी शुष्क दौर समाप्त हो जाएगा।मौसम विभाग श्रीनगर के अनुसार, प्रदेश में 24 जनवरी तक शुष्क मौसम जारी रहेगा। इसके बाद बादल छाने लगेंगे।

असम में बुरे फंसे राहुल गांधी, मुख्यमंत्री हिमंता ने डीजीपी से एफआईआर दर्ज करने को कहा

(आधुनिक समाचार सेवा)

गुवाहाटी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम के गुवाहाटी पहुंच गया है। मंगलवार को यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी के सामने गुवाहाटी में मंगलवार को पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया । इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने डीजीपी को राहुल गांधी के खिलाफ इंदर्ज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हिंसा असमिया संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं।माना जा रहा है कि राहुल गांधी को शहर में यात्रा करने की इजाजत नही मिली जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प शुरू हो गई। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने झड़प को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की और असम के डीजीपी को निर्देश जारी किए है।असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा न (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'ये असमिया संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। ऐसी ठनक्सली रणनीतिठ हमारी संस्कृति से पूरी तरह अलग हैं। मैंने असम पुलिस के डीजीप को भीड़ को उकसाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने और अपने हैंडल पर पोस्ट किए गए फुटेज को सबूत के रूप में उपयोग करने का निर्देश दिया है। राहुल गांधी के अनियंत्रित व्यवहार और सहमत दिशानिर्देशों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप अब गुवाहाटी में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम हो गया है।

जो कल हमने देखा, वर्षों तक याद रहेगा', पीएम मोदी ने शेयर किया प्राण-प्रतिष्ठा की फोटो

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। 500 सालों के संघर्ष के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। पीएम की अगुवाई में अयोध्या मंदिर में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। हालांकि, अब पीएम मोदी ने राम मंदिर से जुड़ा एक वीडियो एक्स पर शेयर किया हैं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम मोदी ने राम मंदिर से जुड़ा एक वीडियो एक्स पर शेयर किया है। पीएम मोदी ने कहा कि 22 जनवरी को हमने अयोध्या में जो देखा वह आने वाले वर्षों तक हमारी यादों में रहेगा। बता दें कि 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा- '22 जनवरी को हमने अयोध्या में जो देखा, वह आने वाले वर्षों तक हमारी यादों में रहेगा।' बता दें कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के राघव स्वरूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को संपन्न हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता से अनभिज्ञ कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी। उन्होंने कहा राम आग नहीं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, समाधान हैं। राम विजय नहीं, विनय हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं।

हाईकोर्ट द्वारा वकील को छह महीने जेल की सजा देना 'उचित', सुप्रीम कोर्ट का फैसला

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा अवमानना के एक मामले में वकील को छह महीने की सजा सुनाए जाने को उचित करार दिया। वकील ने राष्ट्रीय राजधानी के हाई कोर्ट और जिला अदालतों के कई न्यायाधीशों के खिलाफ निंदनीय, अनुचित और आधारहीन आरोप लगाए थे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा अवमानना के एक मामले में वकील को छह महीने की सजा सुनाए जाने को उचित करार दिया। वकील ने राष्ट्रीय राजधानी के हाई कोर्ट और जिला अदालतों के कई न्यायाधीशों के खिलाफ निंदनीय अनुचित और आधारहीन आरोप लगाए थे। शीर्ष कोर्ट ने वकील को बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह देखते हुए कि वकील ने माफी मांग ली है, सजा को घटाकर पहले ही काट ली गई अवधि तक कर दिया। वकील की ओर से पेश अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा ने पीठ को बताया कि अवमाननाकर्ता ने सभी संबंधित न्यायाधीशों के समक्ष लिखित रूप में माफी मांगी है और न्यायाधीशों और न्यायपालिका के खिलाफ अपनी आपत्तिजनक टिप्पणियां भी वापस ले ली हैं। इस पर पीठ ने कहा- 'हमारा मानना है कि दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश उचित है। हालांकि, बाद के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए हम सजा को पहले ही पूरी की जा चुकी अवधि तक कम कर देते हैं।' 16 जनवरी को शीर्ष अदालत ने वकील को उन न्यायाधीशों से बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया था, जिन पर उसने आरोप लगाए थे। इसके बाद अधिवक्ता ने बिना शर्त माफी मांग ली थी। हाई कोर्ट के जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस शलिंदर कौर की पीठ के समक्ष दाखिल हलफनामे में अधिवक्ता ने कहा था कि उसकी मंशा किसी न्यायाधीश को अपमानित करने की नहीं थी। साथ ही कहा था कि वह भविष्य में अधिक सतर्क रहेगा। हाई कोर्ट ने नौ जनवरी को वकील को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया था और छह महीने की कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही उस पर 2,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था। अधिवक्ता को वहां से तत्काल हिरासत में लेकर तिहाड़ जेल भेजा गया था।

सीबीआई के सामने पेश होंगे महुआ मोइत्रा के करीबी वकील देहाद्राई, लोकपाल-संदर्भित शिकायत मामले में होगी पूछताछ

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। सीबीआई ने पूर्व टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ लोकपाल-संदर्भित भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच के सिलसिले में वकील जय अनंत देहाद्राई को गुरुवार को उसके सामने पेश होने के लिए कहा है। अधिकारियों ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी है।सीबीआई ने पूर्व टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के करीबी वकील जय अनंत देहाद्राई को पेशी के लिए बुलाया है। भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल के संदर्भ पर सीबीआई ने मोइत्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में सवाल उठाने के लिए रिश्वत लेने के आरोपों को लेकर मोइत्रा के खिलाफ शिकायत लेकर लोकपाल से संपर्क किया था।अधिकारी ने कहा, ठदेहाद्राई कभी मोइत्रा की करीबी हुआ करते थे। उन्होंने पूर्व सांसद के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे, जिनका उन्होंने दृढ़ता से खंडन किया था।

केरल सीएम के पूर्व सहयोगी शिवशंकर को चिकित्सा जमानत, मनी लॉड्रिंग के आरोपों का सामना कर रहे हैं पूर्व सचिव

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के पूर्व प्रधान सचिव एम. शिवशंकर की चिकित्सा जमानत दे दी। शिवशंकर राज्य सरकार के महत्वकांक्षी लाइफ मिशन मामले में मनी लॉड्रिंग के आरोपों का सामना कर रहे हैं। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने गत अगस्त में शिवशंकर को दी गई और समय-समय पर बढ़ाई गई चिकित्सा जमानत को पूर्ण जमानत में बदल दिया। पीठ में शामिल जस्टिस एसवीएन भट्टी भी शामिल रहे। इससे पहले शीर्ष अदालत ने सेवानिवृत्त नौकरशाह की जांच केरल के बाहर किसी सरकारी अस्पताल में कराने की मांग पर शिवशंकर को पुडुचेरी के जवाहरलाल इंस्टीट्यूट आफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड कालेज में जांच कराने को कहा था। ईडी ने निजी अस्पतालों द्वारा जारी प्रमाणपत्रों के आधार पर शिवशंकर को जमानत देने का विरोध किया था।

विवादित ढांचे का ताला खुलवाने के लिए राजीव गांधी नहीं, कांग्रेस जिम्मेदार: मणिशंकर अय्यर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या में 1986 में विवादित ढांचे के गेट का ताला खुलवाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार थी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अरुण नेहरू को 'प्लांट' करवाया था जो इसके पीछे थे।अय्यर अपनी किताब 'द राजीव आइ न्यू एंड व्हाई ही वाज इंडियाज मोस्ट मिसअंडरस्टुड प्राइम मिनिस्टर' के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। मणिशंकर अय्यर ने 22 जनवरी को रामलाल के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण अस्वीकार करने के कांग्रेस नेतृत्व के फैसले की भी सराहना की। ताला खोलने के पीछे अरुण नेहरू का हाथ बताते हुए अय्यर ने कहा कि चूंकि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू लखनऊ के एक स्कूल में पढ़े थे इसलिए रामजन्मभूमि का मुद्दा उनके दिमाग में था। उन्होंने कहा कि अगर राजीव गांधी जिंदा रहे होते और पीवी नरसिम्हा राव के स्थान पर प्रधानमंत्री होते तो विवादित ढांचा आज भी खड़ा होता, भाजपा को उचित जवाब दिया गया होता और उन्होंने भी वैसा ही कोई समाधान निकाला होता जैसा सुप्रीम कोर्ट ने वर्षों बाद निकाला।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर एण्ड सेफ्टी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन इंजिनियर, सिस्टम सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश –विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।



महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा
उत्तर प्रदेश

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

मालती देवी विद्यालय से राम सीता लक्ष्मण की चौकी निका ली गई

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। शिवम गेस्ट हाउस से चौकी निकालकर रिगवा मोड हनुमान जी के मंदिर होते हुए गांव पूजा अर्चना किया उसके बाद 12 खास भैरव बाबा मंदिर के पास भी पूजा अर्चना हुआ और सभी भक्तों को प्रसाद का भी व्यवस्था किया गया सभी भक्त प्रसाद

के तरफ सभी भक्त चौकी के पीछे डीजे डांस करते हुए राम भक्त होकर के राम भक्त में लीन हो गए शिवम गेस्ट हाउस के प्रबंधक सुरेश मिश्रा जी और संतोष शुक्ला जी हनुमान मंदिर पर ग्रहण करके राम भगवान का जयकारा लगाते हुए राम भक्त में लीन हो गए बा रा के लोगों में बहुत ही राम भगवान के प्रति उत्साह नजर आया बा रा जयकारों की गूंज लगी रही।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में रमी संगमनगरी पीवीआर में किया गया भजन कीर्तन

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के नवविग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूरी संगमनगरी राममय हो गई है। संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमानजी मंदिर समेत मनकामेश्वर मंदिर, हनुमत निकेतन सिविल लाइंस आदि मंदिरों में सुबह से ही सुंदरकांड, रामायण और रामनाम जप का आयोजन किया गया है। कई संस्थाओं की ओर से सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। हाथ में राम ध्वज लेकर रामभक्त जय श्रीराम का नारा लगाते हुए पूरे इलाके में भ्रमण किया। सिविल लाइंस के सरदार पटेल मार्ग पर स्थित पीवीआर मॉल में भी भजन कीर्तन का आयोजन किया गया और अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कालिंदीपुरम में मंगल विहार में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोमवार को सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। परिसर में स्थित देवधाम मंदिर को फूलों और झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसी तरह मौसम विहार में नंदेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी आज की गई। इसका कार्यक्रम कई दिनों से चल रहा है। इसमें बड़ी संख्या में लोगों

ने हिस्सा लिया। हाईकोर्ट स्थित न्यायविद हनुमान मंदिर में सुबह से ही सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है।सिविल लाइंस, कटरा, ममफोर्डगंज, तेलियरगंज, बालसन चौराहा, भरद्वाज आश्रम, बैंक रोड, विश्वविद्यालय रोड, म्योहाल, धूमनगंज, राजरूपपुर, सुलेमसराय, हिम्मतगंज, बेनीगंज, जॉनसेनगंज, चौक, घंटाघर, बहादुरगंज, जीरोरोड, कीडगंज, खुल्दाबाद, अलोपीबाग, सोहबतियाबाग, बाईकाबाग, रामबाग आदि मोहल्लों क गुब्बारे और झालरों से सजाया गया है। शहर के सभी मंदिरों में भव्य सजावट की गई है। इसी तरह ग्रामीण अंचलों में भी सुबह शोभायात्रा निकाली गई। गंगापार से श्रृंगवेरपुर धाम, फूलपुर, हंडिया, बरौत. सोरांव, होलागढ़ सहित यमुनापार के नैनी, शंकरगढ़, लालापुर, सिकंदरा आदि इलाकों में जयश्रीराम के उद्घोष के साथ यात्रा निकाली गई। भगवान राम की आरती से शुरू हुई यात्रा ने पूरे इलाके में भ्रमण किया। माघ मेले में कल्पवासियों और साधुसंतों ने प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशेष भजन और कीर्तन का आयोजन किया। कई शिविरों में सुबह शोभायात्रा निकाली गई। श्री बड़े हनुमान मंदिर में एक सप्ताह पहले ही सुंदरकांड चल रहा है। दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ सुबह से ही जुटने लगी थी। संगम तट पर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में विशेष पूजन का आयोजन किया गया है। मंदिर को आकर्षक झालरों और सुगंधित फूलों से सजाया गया है। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय से बच्चों और आचार्यों ने हिस्सा लिया।सिविल लाइंस हनुमान मंदिर में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया जा रहा है।

अस्पताल में गूंजी किलकारी, जय श्रीराम के उद्घोष के साथ उतारी गई आरती, नाम रखा राम

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अस्पतालों और घरों में जब किलकारी गूंजी तो जयश्रीराम के नारे लगे। अस्पताल के स्टाफ ने तिलक लगाकर आरती उतारी। अधिकांश बच्चों का नाम राम, श्रीराम रखा गया। अयोध्या में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन यानी 22 जनवरी को कई घरों में किलकारी गूंजी। सरकारी अस्पतालों से लेकर प्राइवेट नर्सिंग होम और घरों में राम के रूप में बच्चों ने जन्म लिया तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चे के जन्म के बाद अस्पताल के स्टाफ ने आरती उतारी। अयोध्या में भगवान रामलला के

प्राण प्रतिष्ठा के दिन यानी 22 जनवरी को कई घरों में किलकारी गूंजी। सरकारी अस्पतालों से लेकर प्राइवेट नर्सिंग होम और घरों में राम के रूप में बच्चों ने जन्म लिया तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चे के जन्म के बाद अस्पताल के स्टाफ ने आरती उतारी।

मनीष विश्वकर्मा बने सहायक थाना कमेटी प्रभारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नैनी, प्रयागराज। क्षेत्र में सदैव सक्रिय रहने वाली विशेष पुलिस

अधिकारी (एइध्) टीम के प्रभारी अभय राज ने रविवार को सामूहिक बैठक के दौरान श्रीराम टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक एवं श्रीराम समाज सेवा दल के अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा को टीम में सहायक थाना कमेटी प्रभारी के पद पर नियुक्त किया। नियुक्ति की घोषणा संगठन सचिव रविंद्र सिंह ने की। इस मौके पर मनीष विश्वकर्मा ने कहा कि टीम में जोड़ने के लिए उच्च पदाधिकारीगणों का हृदय से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करता हूँ साथ ही विश्वास दिलाता हूँ कि पूरी निष्ठा व ईमानदारी से टीम को आगे बढ़ाऊंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से रविंद्र सिंह, परवेज, राम जी जायसवाल के साथ बड़ी संख्या में एसपीओ टीम के सदस्यों ने मनीष विश्वकर्मा को बधाई दी।

आश्रय स्थलों में तीन दिनों में चार नाबालिगों की मौत, काफी दिनों से चल रहे थे बीमार

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। रविवार को परिजनों के आने के बाद खुल्दाबाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया गया। उधर रविवार को ही म्योराबाद स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटीज के आश्रयस्थल में भर्ती नौ साल की बालिका की मौत हो गई। वह कानपुर की रहने वाली थी और काफी दिनों से बीमार थी। शहर में स्थित राजकीय व एक निजी आश्रयस्थल में तीन दिनों के भीतर चार नाबालिगों की मौत हो गई है। इनमें से एक 17 साल जबकि तीन क्रमशः दो दिन, तीन साल व नौ साल के थे। सभी की मौत कारण बीमारी बताया जा रहा है। इनमें से दो का पोस्टमार्टम रविवार को कराया गया।राजकीय बालिका गृह खुल्दाबाद में फतेहपुर के खखरेरू की रहने वाली 17 साल की किशोरी काफी दिनों से आवासित थी। वह 12 जनवरी से बीमार थी और उसे एसआरएन में भर्ती कराया गया था। 19 जनवरी को को उसकी मौत हो गई जिसकी सूचना देने के बाद भी परिजन नहीं आए। रविवार को परिजनों के आने के बाद खुल्दाबाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया गया। उधर रविवार को ही म्योराबाद स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटीज के आश्रयस्थल में भर्ती नौ साल की बालिका की मौत हो गई। वह कानपुर की रहने वाली थी और काफी दिनों से बीमार थी। आश्रयस्थल में ही रखकर उसका इलाज कराया जा रहा था जहां रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। इससे पहले 20 जनवरी को राजकीय शिशु गृह खुल्दाबाद में तीन साल की बच्ची व एक नवजात ने दम तोड़ दिया था। बच्ची चित्रकूट जनपद जबकि नवजात आजमगढ़ जनपद से यहां भेजा गया था।

रामोत्सव के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त, चप्पे-चप्पे पर तैनात रही फोर्स

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। शहर अलवा गंगापार और यमुनापार इलाके में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिले में 10 क्यूआरटी बनाई गई। एक क्यूआरटी में 10 पुलिस कर्मियों की

तैनाती होती है। सिविल लाइंस में सुभाष चौराहा और हनुमान मंदिर के बाहर फोर्स के साथ क्यूआरटी भी तैनात की गई है। अयोध्या में भगवान रामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर प्रयागराज में संवेदनशील स्थलों के पर सुरक्षा के पुख्ता के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संगम पर लगे कल्पवास से लेकर श्री बड़े हनुमान मंदिर समेत प्रमुख धर्मस्थलों के बाहर सुरक्षा के लिए क्विक रिस्पांस टीम तैनात की गई है। चप्पे चप्पे पर पुलिस की ओर से नजर रखी जा रही है। सड़क से गुजरने वाले वाहनों की गहन चेकिंग का कार्य सुबह से ही किया जा रहा है। शहर अलवा गंगापार और यमुनापार इलाके में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिले में 10 क्यूआरटी बनाई गई। एक क्यूआरटी में 10 पुलिस कर्मियों की तैनाती होती है। सिविल लाइंस में सुभाष चौराहा और हनुमान मंदिर के बाहर फोर्स के साथ क्यूआरटी भी तैनात की गई है। प्रत्येक क्यूआरटी में एक इंस्पेक्टर, छह सब इंस्पेक्टर, दो हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल की तैनाती है।22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर शहर के मंदिरों व मेला क्षेत्र में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिरों के बाहर विशेष पिकेट जबकि संगम क्षेत्र में पुलिस फोर्स के साथ ही एटीएस के जवानों को मुस्तैद किया गया है। इसके अलावा संवेदनशील स्थलों, इलाकों में स्थानीय खुफिया एजेंसियों के जवानों को भी भ्रमणशील रहकर संदिग्धों पर नजर रखने और उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना एकत्र करने को अलर्ट किया गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शहर में भी पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों के बाहर पुलिस की विशेष पिकेट तैनात की गई है। इसमें वर्दीधारी जवानों के साथ ही सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें बंधवा हनुमान, सिविल लाइंस हनुमान मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, वेणीमाधव, नागवासुकि, नवग्रह मंदिर समेत अन्य मंदिर शामिल हैं। इसके अलावा संबंधित थानेदारों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित मंदिरों के आसपास लगातार नजर बनाए रखें, साथ ही विशेष सतर्कता बरतें।उधर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर माघ मेला क्षेत्र में भी तमाम स्थानों पर विशेष अनुष्ठान किए जाने हैं। ऐसे में मेला क्षेत्र में भी सुरक्षा व्यवस्था रविवार शाम से ही बढ़ा दी गई है। 22 जनवरी को संगम क्षेत्र में पुलिस फोर्स के साथ ही एटीएस के जवान भी मुस्तैद रहेंगे। इस दिन के लिए मुख्य स्नान पर्वों जैसे सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। एंटी सबाटोज टीमों ने भी संवेदनशील स्थानों पर पहुंचकर सघन चेकिंग की। बीडीडीसी टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है। उधर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोमवार को सार्वजनिक अवकाश भी है, इसे देखते हुए मेला क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए भी प्लान बनाया गया है। डीआईजी/एसएसपी माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। यातायात के संबंध में जो योजना बनाई गई है, उसके अनुसार सुबह वाहनों को संगम पार्किंग तक जाने दिया जाएगा। भीड़ बढ़ती है तो वाहनों को हेलीपैड पार्किंग तक ही जाने की अनुमति दी जाएगी।

प्रतियोगी छात्रा ने 10 दिन में तैयार कर दी भगवान राम की आकर्षक पेंटिंग, देखने के लिए जुट रही भीड़

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में पीजी करने के बाद

सोनिका फिलहाल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। पेंटिंग उनका शौक है। इसकी उन्होंने कभी पढ़ाई भी नहीं की है। उनका कहना है कि भगवान राम की कृपा से ही इतनी सुंदर पेंटिंग वह कम से कम समय में तैयार कर सकी हैं। प्रतियोगी छात्रा सोनिका ने 10 दिन के भीतर भगवान राम की आकर्षक पेंटिंग तैयार कर दी है। इसे हनुमत निकेतन में अयोध्या राम मंदिर मॉडल के बगल लगाया गया है। इसके देखने के लिए भीड़ जुट रही है। यह किसी कंप्यूटराइज्ड पोस्टर से कम नहीं लग रहा है। सोनिका का कहना है कि उसने 10 दिन के भीतर यह पेंटिंग तैयार की है। यह पेंटिंग एआई द्वारा तैयार भगवान राम के बाल रूप को देखकर तैयार की गई है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में पीजी करने के बाद सोनिका फिलहाल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। पेंटिंग उनका शौक है। इसकी उन्होंने कभी पढ़ाई भी नहीं की है। उनका कहना है कि भगवान राम की कृपा से ही इतनी सुंदर पेंटिंग वह कम से कम समय में तैयार कर सकी हैं।उन्होंने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर यह पेंटिंग को तैयार किया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के अन्य छात्रों की ओर से भी पेंटिंग्स यहां पर लगाई गई है।

अब वाहन स्वामी ही रखेंगे गाड़ी से संबंधित कागजात की फाइल, नहीं लगाना पड़ेगा आरटीओ दफ्तर का चक्कर

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। ऐसे में वाहन स्वामी के पास अपनी गाड़ी से संबंधित पूरी जानकारी मौजूद होगी। उसे आरटीओ कार्यालय के बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। हालांकि देखा जाए तो अभी भी कई ऐसे लोग हैं, जिन्हें इसकी जानकारी नहीं है। नई गाड़ी खरीदने पर अब सिर्फ रसीद, इंश्योरेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा, बल्कि पूरी फाइल वाहन स्वामी को सौंपी जाएगी। इस फाइल में फार्म 20 (आवेदन पत्र), फार्म 22 (वाहन निर्माण से संबंधित जानकारी), इंश्योरेंस व आरसी कागज मौजूद होगा। इसके पहले की व्यवस्था में यह फाइल आरटीओ कार्यालय में जमा रहती थी। मगर फाइलों का अतिरिक्त भार होने के कारण, मोटर एजेंसियों को इसकी

जिम्मेदारी सौंप दी गई। वहीं हाल ही इस व्यवस्था में बदलाव किया गया। इस आधार पर अब यह फाइल परिवहन मुख्यालय से सीधे वाहन स्वामी के पते पर भेजी जाएगी। वहीं गाड़ी खरीदते समय संबंधित वाहन एजेंसी ग्राहक से एक शपथ पत्र लेगी। जिसमें इस प्रपत्र को व्यवस्थित रखने का संकल्प वाहन स्वामी को लेना होगा। वहीं प्रपत्र दाखिल करने के बाद यह फाइल 15 दिनों के भीतर वाहन स्वामी के लिखित पते पर पहुंच जाएगी। हालांकि इस फाइल को संबंधित मोटर एजेंसी से भी प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा इस फाइल की एक प्रति आरटीओ कार्यालय में भी मौजूद रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर ओरिजनल प्रपत्र से इसका मिलान किया जा सकेगा। ऐसे में वाहन स्वामी के पास अपनी गाड़ी से संबंधित पूरी जानकारी मौजूद होगी।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
★C.O.P.A. ★Electrician ★Fire Safety & Industrial Security ★Computer Hardware & Maintenance
★Fitter ★Computer Application ★Welding Technology
★Security Service ★Repair of Refrigerator & A.C. ★Computer Teacher Training ★Certificate in YOGA
★Electric Technician
Message
नन्दी गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
स्टाम्प न्यायालय शुल्क, पंजीयन
एवं नागरिक उद्बडयन विभाग
उत्तर प्रदेश
मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपकी संस्था "नैनी आद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र" द्वारा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "प्रवेश विवर्जिका" नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका छात्र / छात्राओं में चेतना, सृजनात्मक शक्ति, बौद्धिक क्षमता एवं उनकी वैचारिक एवं मानसिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने मे अवश्य सार्थक सिद्ध होगी।
संस्था द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका " प्रवेश विवर्जिका" के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं!
भवदीय
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
Nand Goapal Gupta
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity

सालों की आस हुई पूरी फ्लाई ओवर जगमगाया लाइटों की रोशनी से

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। अयोध्या में देव दीपावली के पूर्व संध्या रावटसगंज नगर में

वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर स्थित फ्लाईओवर के ऊपर रविवार को सदर विधायक भूपेश चौबे डीएम चंद्र विजय सिंह के नेतृत्व में बटन दबाकर स्ट्रीट लाइट जलाकर शुभारंभ किया गया।इस दौरान सदर विधायक ने बताया कि फ्लाईओवर बनने सबनाने से लेकर लगे हिस्ट्री लाइट के चालू करने तक काफी संघर्षो का समय गुजारना पड़ा वहीं काफी जिला प्रशासन के सहयोग व जनमानस के प्यार व आशीर्वाद से आज आखिरकार अयोध्या में श्री राम लाल के जन्म उत्सव के 1 दिन पूर्व रावटसगंज नगर जगमगाया स्ट्रीट लाइट के जलने से होने वाले तमाम दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आम जनमानस के समस्याओं का हुआ निजात देवतुल जनमानस का हृदय से जताया आभार वहीं डीएम चंद्र विजय सिंह ने बताया कि जनमानस की समस्या को लेकर माननीय प्रतिनिधियों द्वारा कई बार इस मुद्दे को लेकर अवगत कराया गया जिसको लेकर शासन प्रशासन को पत्राचार करके आज इस मुकाम तक पहुंच गया की हिस्ट्री लाइट जगमगाया और लोगों की खुशियां दुगनी हो गई जिसके लिए सभी का आभार इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश मिश्रा अनूप तिवारी गौरव शुक्ला टीटू मेहता संतोष शुक्ला शाहिद उकसा कर्मचारी व अन्यलोक मौजूद रहे।

वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ में आचार्यगण करा रहे पूजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। अयोध्या धाम मणिराम छावनी धर्म मंडप में सोनभद्र के भिखारी बाबा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में पांचवे दिन रविवार को भी वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा अचार्यगण ने पूजन कराया। वहीं पर्यावरण संरक्षण हेतु जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से यज्ञ में आहुति दी गई। यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालु पुण्य के भागी बन रहे हैं। यजमान आचार्यगणों को टीका लगाया और पूजन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत नृत्यगोपाल दास जी महाराज एवं महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ चल रहा है।

आचार्यगण गोपाल धर द्विवेदी ,राधाकृष्ण तिवारी, हरीओम धर द्विवेदी, राजेश तिवारी, योगेश तिवारी, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। मुख्य यजमान राजेश कुमार पाठक, बिरजू दास व धर्मपत्नी आशा देवी, वासु त्यागी, रामकृपाल व धर्मपत्नी चिरौंजी के साथ अन्य यजमानों द्वारा जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से पर्यावरण संरक्षण हेतु यज्ञ में आहुति दी गई। वहीं दिल्ली से आए माहिप त्रिनेत्र और लखनऊ से आई डाक्टर मुद्रा ने भिखारी बाबा तथा आचार्यगण से आशीर्वाद लिया। यजमान भी आचार्यगण को टीका लगाया और उनका पूजन कर आशीर्वाद लिया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वालों में राम खेलावन, श्याम बिहारी, प्रहलाद, रामवृक्ष, हरिचंद, प्रभु नारायण, राजेंद्र, अभय, रामप्यारे, सुखाराम आदि शामिल रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच दी गई दवाएं

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। रविवार को महिला पतंजलि योग समिति सोनभद्र के

द्वारा रौप ग्राम (चूर्क) के ग्राम पंचायत भवन में योग, आयुर्वेद,योग उपचार तथा डॉक्टर की टीम द्वारा निःशुल्क जाँच व परीक्षण किया गया। सोनभद्र एक पिछड़ा क्षेत्र है यहाँ पर ग्रामीण जनजीवन अस्त व्यस्त है।साधनो का अतिआभाव है। महिला पतंजलि योग समिति सोनभद्र की जिला प्रभारी अनीता गुप्ता तथा उनकी कर्मठ टीम की बहनों के साथ-साथ यहां की जानी-मानी चिकित्सकों के द्वारा गाँव में योग के द्वारा निरोग रहने के और अपनी शारीरिक व मानसिक समस्याओं पर कैसे विजय पाए व कैसे एक स्वस्थ जीवन जिए सिखाया गया। उन लोगों में अधिक से अधिक दवाएं भी वितरण की गई ,लोगों को जड़ी बूटियों से कैसे उपचार करें ,घरेलु नुस्खों को कैसे प्रयोग करें सभी चीजों को बताया गया।बालक बालिकाएं महिला तथा पुरुष सैकड़ों की संख्या में इस योग में हिस्सा लिए योग के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिन-जिन बहनों ने साथ दिया उसमें मीडिया प्रभारी पल्लवी ,कोषाध्यक्ष अर्चना ब्रैत्, संवाद प्रभारी संगीता सोनी , कार्यकर्त्ता उषा ऊैन्न् के साथ साथ डॉ मीनाक्षी ,डॉ नम्रता डॉ अनुराधा डॉ आकांक्षा इन सभी बहनों ने अपना बहुत ही महत्तवपूर्ण योगदान प्रदान किया ।

पॉकेट 7 से निकाली गई श्रीराम नाम यश गान शोभायात्रा

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। विशेष सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ की थाना रावर्टसगंज अन्तर्गत एक गांव मे एक नाबालिग के माता पिता से बालिका के शादी किये जाने एवं उम्र के सम्बन्ध में पुछ ताछ किया गया बालिका के माता द्वारा बताया गया कि मै अपने सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल सूचना सम्बंधित थाने , बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई या चाइल्ड हेल्पलाइन

बालिका उम्र 17वर्ष है जिसकी शादी 40वर्ष के ब्यक्ति के सांथ किये जाने की तैयारी की जा रही है जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे की संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसके बाद टीम द्वारा तत्काल थाना रावर्टसगंज से समन्वय स्थापित करते हुए उप निरीक्षक विनोद यादव, महिला आरक्षी दीक्षा पाण्डेय यम टीम के साथ मौकेपर पहुँच कर बालिका पुत्री की शादी लगभग दो साल पहले की थी परन्तु उसके पति उसे छोड दिया है और उसका पांच माह का लड़का भी है जिस कारण हम अपने पुत्री की शादी करने की तैयारी कर रहे है बालिका के उम्र के सम्बन्ध में टीम के समक्ष कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया प्रथमं दृष्टया बालिका नाबालिग प्रतीत हो रही थी वस्तु स्थिति से अवगत होते हुये टीम द्वारा बालिका को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बाल गृह बालिका इन्द्रपुरी कालोनी रावर्टसगंज सोनभद्र में आवासित करवा दिया गया है संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक द्वारा बताया गया कि यदि कही बाल विवाह , बाल तस्करी सम्बंधित टोल फ्री नम्बर 1098 पर सुचित करे जिससे नाबालिग बालिकाओ को बाल वधु व बाल तस्करी से रोकथाम किया जा सके। ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि पाँच माह का पुत्र भी बालिका के साथ है बालिका की काउन्सलिग के उपरान्त नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। मौकेपर पर जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, थाना रावर्टसगंज से उप निरीक्षक विनोद यादव, महिला आरक्षी दीक्षा पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

नवनियुक्त भाजपा सोनभद्र जिलाप्रभारी अनिल सिंह हुआ स्वागत

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा सोनभद्र जिलाप्रभारी अनिल सिंह नें भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष

बलराम सोनी के उपस्थिति में सोनभद्र नगर मण्डल के चंडी तिराहे के पास वरिष्ठ कपड़ा व्यवसायी सत्यपाल जैन के आवास के बाउंड्री वॉल पर नवनियुक्त जिलाप्रभारी अनिल सिंह व जिलाध्यक्ष नन्दलाल सहित सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं नें भी वॉल पेंटिंग कर कमल का फूल बनाया और ठफिर एक बार भाजपा सरकारठ स्लोगन भी लिखा, इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाप्रभारी नें कहा की प्रभु श्री राम जी के कृपा से और मोदी जी व देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से 2024 में प्रचण्ड बहुमत से फिर एक बार भाजपा की सरकार भारत में बनेगी, इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा सोनभद्र नगर मण्डल अध्यक्ष बलराम सोनी, सत्यपाल जैन, प्रो0 गोपाल सिंह, कृष्णमरारी गुप्ता, रामसुन्दर निषाद, राकेश मेहता, पुष्पा सिंह, गुड़िया त्रिपाठी, रूबी गुप्ता, रंजना पाण्डेय, अशोक भारती, धीरेन्द्र पाण्डेय, मनोज सोनकर, मनीष वर्मा, अतुल कनौजिया, संतोष भारती, राजबहादुर पटेल, नीरज विश्वकर्मा, दुर्गेश केडिया, रविंद्र चौबे, प्रदीप अग्रवाल, सतीश श्रीवास्तव, उत्कर्ष पाण्डेय, सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सोनभद्र की बुनियादी समस्याओं के लिए सोनभद्र संघर्ष मोर्चा का गठन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। सदर ब्लॉक के राजपुर गांव में जनपद सोनभद्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए सोनभद्र संघर्ष मोर्चा का गठन किया

गया है।युवा आदर्श सौरभ कान्त पति तिवारी ने बताया कि बहुत दिनों से जनपद की मूलभूत समस्याओं के लिए संघर्ष के लिए एक संगठन की आवश्यकता थी।उन्होंने बताया कि सरकार को अत्यधिक राजश्व देने के बावजूद भी जनपद विकास से कोसो दूर है।उन्होंने कहा कि जनपद में उद्योगों की भरमार होते हुए भी यहाँ के युवा बेरोजगार है,जिसके लिए जन जागरण की आवश्यकता है।उन्होंने कहा की हमारा जनपद दो तिहाई भारत को बिजली देता है लेकिन स्थानीय लोगों को दिल्ली के रेट पर बिजली मिलती है।जबकि बिजली कम्पनियों के सीएसआर से जनपद के लोगों का बिजली का बिल माफ किया जा सकता है।वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य मुन्ना सोनकर एंव ओम प्रकाश पटेल ने कहा कि संघर्ष मोर्चा के गठन के बाद अब गांव-गांव में जनजागरण किया जायेगा।जिससे जनपद के लोग अपने हक अधिकार के बारे में जान सकेंगे।राजेश वर्मा,गोविंद,राहुल,कृष्णानंद त्रिपाठी,सुरेश सोनी ने कहा कि यह बैठक जिले पर भी हो सकती थी।लेकिन राजपुर स्टेट हुआ करता था और यहीं से रियासत की दशा और दिशा का निर्धारण किया जाता था।इसलिये राजपुर की धरती से संघर्ष की सुरुआत की जा रही है।उन्होंने कहा कि इस समय पूरा देश राम मय है इसलिये श्रीराम जी के प्रेरणा से हनुमानजी मंदिर प्रांगण में महत्वपूर्ण बैठक कर सोनभद्र संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया।

विधानसभा में उठेगा छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला, सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिले छात्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
वाराणसी ।आईआईटी बीएचयू में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला विधानसभा में उठाने की बात सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ में मिलने पहुंचे छात्रों से कही। छात्रों ने सपा मुखिया से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी के मुद्दे को लेकर बातचीत की। छात्रों ने 1 नवंबर की आधी रात बाद आईआईटी बीएचयू परिसर में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना के दो महीने बाद आरोपियों की गिरफ्तारी होने, कुछ लोगों द्वारा सरंक्षण देने के साथ ही बीएचयू परिसर में दिव्यांग छात्रा के साथ छेड़खानी सहित अन्य घटनाओं के बारे में भी पूर्व मुख्यमंत्री को बताया।

विकसित भारत का सपना हो रहा सरकार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। रविवार को बस्ती संपर्क अभियान में विधानसभा रॉबर्ट्सगंज में काशीराम आवास परिसर में जाकर प्रधानमंत्री की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया और पत्रक दिया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा पीएम मोदी के बेमिसाल 10 साल की योजनाओं के प्रचार-प्रसार करते हुए योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचा वह श्री अजीत रावत ने बताया कि योजनाओं का लाभ और

पात्र व्यक्ति को मिले इसके लिए भाजपा सरकार कटिबंध है हर घर बस्ती संपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को योजनाओं के विषय में जानकारी दी जा रही है और योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को लाभ देने का कार्य कर रही है भाजपा सरकार फिर एक बार भाजपा सरकार के संकल्प के नारे के साथ बस्ती संपर्क अभियान का मकसद गांव टपका जिला देश होगा विकसित भाजपा किया संकल्प इस दौरान भारतीय जनता पार्टी पिछला मोर्चा जिला मंत्री अमन वर्मा , अनिल वर्मा, आलोक रावत, अमित कुमार भारती, संजय पासवान ,अजय रावत आदि लोग मौजूद रहे।

माइंड सहित अन्तर्राज्यीय/अन्तर्रजनपदीय 06 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। थाना चोपन पुलिस ने कोयले का अवैध कारोबार करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश, गिरोह के मास्टर माइंड सहित अन्तर्राज्यीय/अन्तर्रजनपदीय 06 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार व 01 ट्रक में लोड चोरी का 33 टन कोयला, 02 अदद कार, 06 अदद मोबाइल फोन, कूट रचित टैक्स इनवाइस/ईवेबिल/ इलेक्ट्रानिक ट्रांजिट पास व नगद 5050/- रू0 बरामद- पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह कुशल नेतृत्व में व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण अपराध एवं अपराधियों व अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 21.01.2024 को समय 21.30 बजे थाना चोपन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अटल आवासीय विद्यालय गुरमरा, वाराणसी- शक्तिनगर राज्य मार्ग पर पुलिया के पास से 06 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अदद ट्रक वाहन संख्या- ळझ् 64ँऊ 3327 में लोड चोरी का 33 टन कोयला बरामद किया गया और स्विफ्ट डिजायर कार संख्या- व्01ॅ5155 वॅ ळन्300 वाहन संख्या- ळझ90भ्7505 व 03 अदद कूटरचित टेक्स इनवाइस/ ईवे बिल/ इलेक्ट्रानिक ट्रांजिट पास व 06 अदद मोबाइल फोन व नगद 5050 रू0 बरामद किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना चोपन में मु0अ0सं0 14/2024 धारा- 379, 411, 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व धारा 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । घटना / पूछताछ का विवरणः- पकडे गये व्यक्तियों ने पूछताछ पर बताया कि रिहन्द राज नायडू बिना रजिस्ट्रेशन का बैढन मध्यप्रदेश में अपना अवैध कोल डिपो

चलाता है और कोयला खदानों से निकलने वाली गाडियो के ड्राइवर/ खलासी से सम्पर्क कर चोरी से 1500 रूपये प्रति टन के हिसाब से कोयला उतरवा कर खरीदता है तथा शुभम पाण्डेय निवासी मध्यप्रदेश से मिलकर कोयले का फर्जी व कूट रचित कागजात बनवाकर शुभम पाण्डेय को प्रति टन 500 रूपये देता है यह काम हम सभी लोग आपस में मिलकर योजना बद्ध तरीके से ग्राहक को चोरी के कोयले को करीब 5000 से 6000 रूपये प्रति टन के हिसाब से बेच देते है जबकि कोयले का वास्तविक मूल्य इस समय मार्केट में करीब 5300/- रूपये प्रति टन है । चोरी का कोयला बेचने से हम लोगो को प्रति गाड़ी करीब 25000/- रूपया बचता है जिसे हम सभी लोग आपस में बांट लेते है । जबकि वाहन संख्या ळझ् 64ँऊ 3327 पर लदा हुआ कोयला रिहन्द राज के कोल डिपो बैढन से लदा है जिसे हमने चोरी से ख?ीदा था और यह कोयला एस पी मार्का ईट उद्योग इकौना साहबगंज चंदौली जा रहा है । भट्ठा मालिक से राकेश मिश्रा व विशम्भर यादव सम्पर्क किये थे और उनका जीएसटी नम्बर राकेश मिश्रा अपने मोबाइल से रिहन्द राज के व्हाटएसएप पर भेजे थे फिर रिहन्द राज नायडू द्वारा जीएसटी नम्बर व गाडी नम्बर ळझ64ँऊ3327 शुभम पाण्डेय को भेजा गया और उसके बाद शुभम पाण्डेय द्वारा रिहन्द राज नायडू के व्हाटएसएप पर फर्जी टेक्स इनवाइस व ईवेबिल भेजा इसके बाद रिहन्द राज नायडू द्वारा शुभम पाण्डेय के एकाउन्ट में 33 टन कोयले का 16500/- रूपये भेजा गया तब शुभम पाण्डेय द्वारा रिहन्द राज के व्हाटएसएप पर फर्जी ई-खनिज पास भेजा गया । प्रभात कुमार सिंह, संजय कुमार दूबे व प्रेमशंकर पाण्डेय ये लोग आर्डर दिलाते है और गाडी भी पास कराते है । हम सभी लोग एक दूसरे से जरिए मोबाइल व्हाटएसएप काल करके पुलिस, आरटीओ व खनन की लोकेशन देते रहते है । हम सभी लोग मिलकर जो कोयला बेचते है उससे जो लाभ होता है उसे हम सभी लोग अपने हिस्से के मुताबिक बांट लेते है । **गिरफ्तार अभियुक्त गण का विवरण -** 1.रिहन्द राज नायडू उर्फ रेन्ट पुत्र अशोक राज नायडू, निवासी एण्थ् कालोनी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 33 वर्ष ।2.प्रेमप्रकाश पाण्डेय पुत्र उमाशंकर पाण्डेय, निवासी विशुनपुर, थाना गढवा, जिला गढवा, झारखण्ड उम्र लगभग 22 वर्ष हालपता डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र ।3.प्रभात कुमार सिंह पुत्र श्रीराम सिंह, निवासी चिनिया रोड आईटीआई के पीछे, थाना गढवा, जनपद गढवा झारखण्ड हालपता डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 27 वर्ष । 4.संजय कुमार दूबे पुत्र रामजी दूबे निवासी वार्ड 02 डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 40 वर्ष ।5.विशम्भर यादव उर्फ संजीव पुत्र रामधीरज यादव निवासी रामनरायनपुर, थाना जमनिया, जनपद गाजीपुर उम्र लगभग 41 वर्ष हालपता औढी मोड़, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र ।6.राकेश कुमार मिश्रा उर्फ गोली गौतम पुत्र अवधेश कुमार मिश्रा निवासी ब्रम्हनगर लखन कालोनी, थाना अतर्रा, जनपद बाँदा उम्र लगभग 46 वर्ष हालपता औढी मोड़, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र ।

वांछित अभियुक्त गण का विवरण - ङ1.शुभम पाण्डेय पुत्र रमाकान्त पाण्डेय निवासी नीयर कृषि विज्ञान केन्द्र तहसील गोपड बनस जिला सिद्दी म0प्र0 ।2.ट्रक चालक राजीव कुमार पुत्र अज्ञात निवासी झारूकला, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र ।3.ट्रक स्वामी शिवकुमार सिंह पुत्र सोहन लाल सिंह लोहरा सुकृत रावट्र्सगंज सोनभद्र ।4.एस पी मार्का ईट उद्योग इकौना साहबगंज चंदौली के स्वामी । **बरामदगी का विवरण -** 1.01 अदद ट्रक वाहन संख्या- ळझ64ँऊ3327 ।2.33 टन चोरी का कोयला ।3.एक अदद स्विफ्ट डिजायर कार संख्या- व्01ॅ5155 ।4.एक अदर्द ॅळन्300 कार संख्या- ळझ90भ्7505 ।5.06 अदद मोबाइल फोन ।6.03 अदद कूटरचित टेक्स इनवाइस/ईवे बिल/ इलेक्ट्रानिक ट्रांजिट पास ।7.नगद 5050/- रूपया । **गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण -**1.प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 2.उ0नि0 मु0 मेराज खाँ, थाना चोपन जनपद सोनभद्र ।3.उ0नि0 परमानन्द यादव, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।4.हे0का0 अतुल सिंह थाना चोपन जनपद सोनभद्र । 5.हे0का0 सत्यप्रकाश मौर्या थाना चोपन जनपद सोनभद्र ।6.हे0का0 जयप्रकाश, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।7.हे0क0 तनवीर खाँ, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।8.हे0का0 दिलीप यादव, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 9.का0 केशव सरोज, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।

छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर डाला गया प्रकाश

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि जिला पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। सोमवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र ऐसे समाजवादी योद्धा थे जो हमेशा गरीबों नौजवानों अल्पसंख्यकों आदिवासियों और हर वर्ग की लड़ाई लड़ने का काम किया त् उन्ही के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी ने हमेशा हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं और अपनी सरकार में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश का विकास करने का काम किया और हर समाज को एक साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं । गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार परमेश्वर दयाल अनिल प्रधान अशोक पटेल महिला सभा जिला अध्यक्ष गीता गौर रामप्यारे सिंह पटेल दीनानाथ अग्रवाल दिनेश चंद्रवंशी रामेश्वर भाई पटेल त्रिपुरारी बाबू हाशमी जगत पटेल परशुराम यादव दशरथ यादव राजमणि यादव कुलदीप यादव हिन्छ लाल के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा की ।

राहुल गांधी पर हमला भाजपा की साजिश

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। असम में राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमला और राहुल गांधी के मंदिर न जाने से रोकने पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे के नेतृत्व में इसका विरोध किया ,। मोदी सरकार के खिलाफ

जमकर नारे बाजी की गई। वही राहुल गांधी के सुरक्षा में भारी सेंध मारी का भी मुद्दा उठाया। इस दौरान महिला जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा कि मोदी सरकार हिटलर शाही कर रही है। लोकतान्त्रिक देश मे यही देखना बाकी था, कहीं राहुल गांधी के यात्रा पर बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा हमला कराया जा रहा है तो कहीं उनपर फर्जी मुक़दमा कराया जा रहा है, और अब मंदिर जाने पर रोक संकुचित मानसिकता का परिचायक हैं, । बेरोजगारी, किसानो, युवाओं के लिए संघर्ष कर रहे राहुल गाँधी को आरएसएस और बीजेपी के लोग रोक नहीं पायेंगे, शहादत देने वाले परिवार के नेता है राहुल गाँधी जी वो न डरने वाले हैं,न झुकने वाले है, उनपर हमला कराना बीजेपी की बौखलाहट को दर्शाता है,। उन्होंने कहा कि असम में बीजेपी सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी के यात्रा पर और राहुल गांधी पर कायराना हमला बीजेपी की संकुचित मानसिकता का परिचायक है। राहुल गांधी को असम में जनता का अपार समर्थन मिलने से बीजेपी में बौखलाहट आ गई है। राहुल गांधी आमजनता के रोजगार, महंगाई, किसानों ,मजदूरों , और जनता के अंतिम ब्यक्ति के हक के लिए संघर्ष कर रहे है। जो बीजेपी को रास नही आ रही है। सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई से जब राहुल गांधी नही डेरे तो बीजेपी उनपर हमला करवा रही है, लेनिन उनकी यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।और राहुल गांधी लोगो मे मुहबबत का पैगाम बाट रहे है। प्रदर्शन करने में तेतरी देवी, ममता, जमीला बेगम, फुलझडी, जहरी,सुनीता, पार्वती,संजू, दुर्गावती, कुसुम , इंदु सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही इसी तरह राहुल गाँधी की यात्रा से घबराई बीजेपी करवा रही हमला--शत्रु जय मिश्रा कॉंग्रेस प्रवक्ता शत्रु जय मिश्रा ने जारी बयान मे कहा कि बीजेपी सरकार राहुल गाँधी के भारत जोड़ों न्याय यात्रा से घबराकर इस हद तक उतरी की पहले ,फिर गाड़ी तोड़ी और राहुल गांधी पर धक्का मुक्के कर रहे है। राहुल गाँधी के यात्रा मे लगतार उमड़ती भीड़ से भी बीजेपी बौखलाए हुई हैं। जनता को लग रहा है कोई तो नेता जनता की समस्याएं को लेकर सडकों पर उतरा हुआ है, यात्रा मे सोशल मीडिया को देख रहे लोगों के कैमरे तोड़े गए, युवा कॉंग्रेस नेताओ के गाड़ियों पर भी कायराना हमला किया जा रहा है। भारत जोड़ों न्याय यात्रा बीजेपी की निद उड़ा दी है, खासतौर पर असम मे बीजेपी की सरकार को समझ मे नहीं आ राहुल गाँधी के बढ़ती लोकप्रियता और उससे मजबूती होती कॉंग्रेस की सामना कैसे किया जाए, बौखलाए बीजेपी ने अब राहुल गांधी सीधा हमला कर दिया गया है उनके काफिला को निशाना बनाया गया है, राहुल गांधी के बस पर भी हमला किया, वही जय राम रमेश पर भी हमला करना और पोस्टर फाड़ा गया, इस घटना के पीछे असम के बीजेपी के मुख्यमंत्री है।

प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा पर भजन कीर्तन करते श्रद्धालु

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। सोमवार 22 जनवरी को सोनभद्र नगर के मध्य स्थित राम जानकी मंदिर विजयगढ़ पेट्रोल पंप के सामने श्री राम जानकी मंदिर परिसर में श्री राम दरबार अखाड़ा समिति द्वारा दिनांक 21 जनवरी 2024 को चल रहा है अखंड रामायण पाठ का समापन 22 जनवरी सुबह 9:00 बजे हुआ समापन के पश्चात हवन का कार्यक्रम वह सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया उसके बाद अयोध्या में हो रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मंदिर परिसर के बाहर ममता किन्नर द्वारा राम उत्सव मनाया गया वह दोपहर 1:00 बजे से श्री राम दरबार अखाड़ा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन और समिति द्वारा समय 4:00 बजे से श्री लक्ष्मण सीता हनुमान जी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई जिसमें भगवान राम अपने भक्तों के साथ नजर आए लोगों ने पुष्प वर्षा करके भगवान का स्वागत किया और समिति के सदस्यों द्वारा भगवान राम के घर वापसी पर आतिशबाजी वह दीप प्रज्वलित करके जश्न मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से हर्ष अग्रवाल डॉक्टर धर्मवीर तिवारी प्रमोद गुप्ता आनंद मिश्रा श्रवण जी मनोज जालान अजीत रावत आशीष अग्रवाल रविंद्र केसरी मनोज जालान बंटी अग्रवाल नरेंद्र गर्ग नवल बाजपेई विनोद सोनी अखिलेश कश्यप श्याम उमर मनीष अग्रहरि मनीष वर्मा पुष्पा सिंह गुड़िया त्रिपाठी रुबी गुप्ता मनीष केसरी धर्मराज जैन सुनील सतीश विमलेश पटेल रजत रवि केसरी विनोद केसरी विनोद कुमार विमल कुमार विनोद कुमार गुप्ता सुनील दत्त द्विवेदी आलोक चौरसिया शिव शंकर प्रशांत चतुर्वेदी गणेश प्रसाद बबलू केसरी मनमोहन विनोद सोनी धर्मेंद्र तन्मय त्रिपाठी चंदन केसरी पवन मुकेश आशु मोदनवाल शिवम मोदनवाल छोटू सोनी सत्यम सोनी मनीष संतोष शुक्ला कमलेश आलोक रावत चंदन सोनी अभय सोनी अरविंद तिवारी बच्चा अग्रहरि हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर भगवान राम का उत्सव मनाया।

श्री रामचरित नवा पाठ के भंडारे में श्रद्धालुओं को वितरित किए

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। अयोध्या श्री राम प्रभु के प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर सोमवार को रावटसगंज नगर स्थित केडिया हनुमान मंदिर परिसर में श्री राम चरित नवा पाठ समिति के अध्यक्ष सतपाल जैन महामंत्री सुशील पाठक के नेतृत्व में भंडारे भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया सतपाल जैन सुशील पाठक शिशु तीवारी किशोर केडीया विमलेश सिह पकज कनोडीया निरज केजरीवाल मारवाड़ी महीला आदि लोग मौजूद रहे।

श्री राम सीता,लक्ष्मण और रामभक्त हनुमान के साथ झांकी

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र। सोनभद्र 22 जनवरी को कर ग्राम सभा कुसी और पड़ोस के गांवों में झांकी पदयात्रा निकाली।

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भगतसिंह संस्कारशाला की प्रशिक्षिका, कवयित्री व लेखिका सुश्री जयश्री राय सांकृत्यायन ने अपने संस्कारशाला के बच्चों को प्रभु श्रीराम, माता सीता,लक्ष्मण व रामभक्त हनुमान के रूप में तैयार साथ ही प्रभु राम के आने की खुशी में दीपोत्सव के साथ रंगोलियाँ बनाई गई व भजन कीर्तन किया गया। जिसमें राकेश राय, बविता राय, जिगीषा राय,जागृति राय समेत गाँव की कई महिलाएँ व बच्चे शामिल रहे।

नगर में राम भक्तों ने निकाली शोभायात्रा लगाए प्रभु श्री राम के जयकारे

(आधुनिक समाचार सेवा)
सोनभद्र।रविवार को सोनभद्र नगर के मध्य स्थित राम जानकी मंदिर विजयगढ़ टॉकीज के सामने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर श्री राम दरबार अखाड़ा समिति द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या पर श्री राम दरबार की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली गई और यात्रा को राम जानकी मंदिर विजयगढ़ पेट्रोल पंप से आरंभ हो शीतला मंदिर के में चौक होते हुए स्वर्ण जयंती चौक से वापस राम जानकी मंदिर पर यात्रा का समापन किया गया यात्रा में सोनभद्र के माटी के लाल सूरज गुप्ता जी का भजन पूरे रास्ते पर बजा जिसमें मुख्य रूप से धर्मवीर तिवारी प्रमोद गुप्ता बृजेश जी महेश जी अजीत रावत प्रवीण जी नरेंद्र कुशवाहा पंकज कनोडिया आशीष अग्रवाल नरेंद्र गर्ग मनोज जलन मनोज सोनकर पुष्पा सिंह रुबी गुप्ता नीतू गुड़िया वर्मा गुड़िया त्रिपाठी रविंद्र केसरी लव कुश श्याम उमर सूरज गुप्ता संतोष सोनी सुरेंद्र शर्मा नवल बाजपेई पंकज बृजेश पाठक मनीष वर्मा महेश केसरी मनीष अग्रहरि योगेश सिंह अनिल कुमार सुरेश कुमार रवि केसरी आशु अभिषेक अमन वर्मा अमित पांडे आशीष शुक्ला महेश सोनी रोहित पांडे आलोक चौरसिया चंदन सोनी सत्यम सोनी राहुल शर्मा पुष्पेंद्र विनोद कुमार महेश वर्मा लवकुश प्रजापति अनूप पांडे सुरेंद्र भारी संख्या में राम भक्त भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए।

चाहे कोई जाए या ना जाए, मैं राम मंदिर जरूर 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम में हर हाल में पहुंचेंगे भज्जी, बोले- जिसको जो करना है कर ले

टीम इंडिया के पूर्व गेंदबाज और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने साफ किया है कि वह राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम में हर हाल में लेने जरूर जाएंगे। हरभजन का कहना है कि कौन सी पार्टी गई और कौन सी नहीं इस बात से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। हरभजन सिंह ने एएनआई के साथ 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अधिक से अधिक लोग जुड़ें। चाहे वहां जाकर या फिर टीवी के माध्यम से, पर लोगों को भगवान राम का आशीर्वाद

पहुंचेंगे। भज्जी का कहना कि चाहे कोई जाए या फिर ना जाए, वो जरूर इस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। हरभजन के अनुसार, यह हमारे अच्छे भाग्य हैं कि यह मंदिर इस समय पर बन रहा है। हरभजन सिंह का कहना है कि वह राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिस्सा लेना जरूर पहुंचेंगे। भज्जी के अनुसार उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि कोई जाए या फिर ना जाए वो इस कार्यक्रम में हिस्सा बातचीत करते हुए कहा, ठयह हमारे अच्छे भाग्य हैं कि इस समय पर यह मंदिर बन रहा है, ऐसे में हम सभी को वहां पर जाकर आशीर्वाद लेना चाहिए। चाहे कोई जाए या फिर ना जाए, मैं जरूर जाऊंगा। मुझे फर्क नहीं पड़ता है कि कौन सी पार्टी गई या कौन सी नहीं गई, मैं जाऊंगा। अगर किसी को मेरे राम मंदिर जाने से दिक्कत है, तो वो चाहे जो मर्जी कर ले। भज्जी ने आगे कहा, मैं चाहूंगा कि जरूर लेना चाहिए। यह दिन काफी ऐतिहासिक है। भगवान राम जी हम सभी के हैं और उनके जन्मस्थान पर मंदिर तैयार हो रहा है, इससे बड़ी बात और क्या ही होगी। मैं वहां पर जरूर जाऊंगा। मैं एक धार्मिक इंसान हूं और हर मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे में हाथ जोड़ने जाता हूं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम के लिए न्योता भेजा गया है।

फ्री में ऐसे देख सकते हैं मैच

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दोनों के बीच 20 जनवरी को मुकाबला खेला जाएगा। डिफेंडिंग चैंपियन भारत अपने खिताब का बचाव करने उतरेगा। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 50 ओवर का टूर्नामेंट खेला जाएगा। 41 ग्रुप स्टेज मैचों के बाद चारों ग्रुपों में से प्रत्येक से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत और बांग्लादेश के बीच मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 130 बजे दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोंटेन के मंगुआंग ओवल क्रिकेट ग्राउंड में होगा। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 50 ओवर का टूर्नामेंट खेला जाएगा। 41 ग्रुप स्टेज मैचों के बाद, चारों ग्रुपों में से प्रत्येक से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत और बांग्लादेश के बीच मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोंटेन के मंगुआंग ओवल क्रिकेट ग्राउंड में होगा।

टी20आई में धोनी-कोहली से बेहतर कप्तान हैं रोहित शर्मा सुनील गावस्कर ने बांधे 'हिटमैन' की तारीफों के पुल

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। की कप्तानी में टीम इंडिया का रिकॉर्ड व्हाइट बॉल क्रिकेट में बेहद दमदार रहा है। खासतौर पर टी-20 इंटरनेशनल में रोहित की कप्तानी लाजवाब रही है। अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज को भी रोहित की कैप्टेंसी में भारतीय टीम ने 3-0 से अपने नाम किया। भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर रोहित शर्मा की कप्तानी के मुरीद हो गए हैं। गावस्कर ने हिटमैन की शानदार बल्लेबाजी की भी जमकर प्रशंसा की है। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 में मिली जीत के साथ ही रोहित संयुक्त रूप से भारत को इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा जीत दिलाने वाले कैप्टन भी बन गए हैं। रोहित ने इस मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी। तीसरे टी-20 में मिली जीत के साथ ही रोहित संयुक्त रूप से भारत को इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा जीत दिलाने वाले कैप्टन भी बन गए हैं। हिटमैन ने इस मामले ने एमएस धोनी की बराबरी कर ली है। इस बीच, पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रोहित की कैप्टेंसी की जमकर तारीफ की है। सुनील गावस्कर ने एक खेल प्लेटफॉर्म के साथ बातचीत करते हुए रोहित की कप्तानी की जमकर तारीफ की।अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 में टीम इंडिया को मिली धमाकेदार जीत के बाद सुनील गावस्कर ने रोहित की कप्तानी की जमकर तारीफ की है। गावस्कर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में रोहित की बैटिंग से भी काफी इंप्रेस हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने आगे कहा, ठअफगानिस्तान के खिलाफ रोहित द्वारा खेली गई पारी में सबसे अच्छी बात जो मुझे लगी कि एक टी-20 मैच में आप शुरुआत से ही अटैक करने के लिए देखते हैं और यही टेम्पलेट है। हालांकि, 22/4 स्कोर को देखते हुए रोहित और रिंकू ने अपने क्रिकेटिंग दिमाग का इस्तेमाल किया और अटैकिंग अप्रोच को ना कहा। उन्होंने अपना समय लेने का फैसला किया और उसके बाद अटैक करना शुरू किया। गावस्कर ने आगे कहा, अगर हम वहां पर एक या दो विकेट खो देते, तो हम 70 या 90 रन पर ऑलआउट हो जाते। ऐसे में चलिए कुछ समय लेते हैं और हम इनिंग के आगे बढ़ने के साथ रिकवर हो जाएंगे। उन्होंने यह करके भी दिखाया, आखिरी पांच ओवर में 100 रन। हालांकि, यह एकदम अलग चीज है। आमतौर पर आप अपनी टीम को अलग टेम्पलेट फॉलो करने को कहते हैं।

रिंकू सिंह के लिए इससे बड़ी तारीफ क्या होगी दिग्गज क्रिकेटर ने कहा- वो है बाएं हाथ के धोनी जैसा

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारतीय टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने रिंकू सिंह की तारीफ करते हुए उन्हें 'बाएं हाथ के धोनी' जैसा करार दिया। रिंकू सिंह ने हाल ही में बेंगलुरु में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे व अंतिम टी20 इंटरनेशनल मैच में 69ङ रन की उम्दा पारी खेली थी। भारतीय टी20 टीम में फिनिशर की भूमिका में कमाल कर रहे रिंकू सिंह की रविचंद्रन अश्विन ने जमकर तारीफ की है। अश्विन ने रिंकू सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि वो बाएं हाथ के एमएस धोनी जैसे लगते हैं क्योंकि वो काफी शांत रहते हैं और उनकी बल्लेबाजी स्टाइल बेहद आकर्षक है। रिंकू सिंह ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी बैटिंग से खूब प्रभावित किया था। अश्विन ने स्पष्ट किया कि धोनी और रिंकू के बीच कोई तुलना नहीं है, लेकिन बाएं हाथ के युवा बैटर ने अपनी शांत सोच से काफी प्रभावित किया, जिसके लिए एमएस धोनी जाने जाते थे। याद दिला दें कि रिंकू सिंह को आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टी20 टीम में जगह मिली और तत्काल प्रभाव से उन्हें फिनिशर की भूमिका मिली। रिंकू सिंह ऐसे हैं, जिसे मैं बाएं हाथ का लगातार उत्तर प्रदेश के लिए रन बनाए और भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। रिंकू सिंह कई सालों तक केकेआर की बेंच पर बैठे। लोग मुझे कहते थे कि जब खिलाफ 2023 में टी20 इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले रिंकू सिंह ने 89 की औसत और 176.23 के स्ट्राइक रेट से 356 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने

धोनी कहना चाहूंगा। मैं अभी उनकी तुलना धोनी से नहीं कर रहा क्योंकि पूर्व कप्तान बहुत बड़े कद के खिलाड़ी हैं। मगर मैं उस शांत स्वभाव की बात कर रहा हूं, जो रिंकू सिंह लेकर आए हैं। उन्होंने वो केकेआर में था, तो भले ही उसे प्रैक्टिस में बैटिंग का मौका नहीं मिले, वो बल्लेबाजों द्वारा थ्रोडाउन के लिए उपयोग की गई गेंद बटोरकर गेंदबाज को लौटाते थे। बता दें कि आयरलैंड के दो अर्धशतक जमाए। रिंकू सिंह ने जीकबरहा में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 39 गेंदों में 68ङ रन की पारी खेली और फिर अफगानिस्तान के खिलाफ 69 रन बनाए।

इन 3 कारणों से इंग्लैंड जीत सकता है टेस्ट सीरीज; बनाया है खास प्लान

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से खेली जाएगी। पहला टेस्ट मैच हैदराबाद में खेला जाएगा। पहले मैच के लिए दोनों टीमें पूरी तरह तैयार हैं। स्टार खिलाड.ियों से सजी भारतीय टीम अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने को तैयार है। वहीं, इंग्लैंड ने भी कमर कस रखी है। इंग्लैंड टीम ने भारत में आखिरी बार 2012-13 में टेस्ट सीरीज जीती थी। उसके बाद भारतीय टीम ने कोई मौका नहीं दिया। हालांकि इस सीरीज को लेकर इंग्लैंड के खिलाड़ी भारत को पहले ही चेतावनी दे रहे हैं। हालांकि इससे इतर तीन ऐसे कारण हैं जिससे के चलते इंग्लैंड टीम भारत को हरा सकती है। इंग्लैंड टीम ने भारत में आखिरी बार 2012-13 में टेस्ट सीरीज

जीती थी। उसके बाद भारतीय टीम ने कोई मौका नहीं दिया। हालांकि, इस सीरीज को लेकर इंग्लैंड के खिलाड़ी भारत को पहले ही चेतावनी दे रहे हैं। हालांकि, इससे इतर तीन ऐसे कारण हैं, जिससे के चलते इंग्लैंड टीम भारत को हरा सकती है। इंग्लैंड टीम टेस्ट में अपने विरोधियों को परास्त कर रही है। मैकुलम की कोचिंग में इंग्लैंड ने पिछले लगभग दो सालों में 18 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से 13 में जीत हासिल की है। एक मैच ड्रॉ रहा था जो पिछले साल एशेज सीरीज के दौरान हुआ था। भारतीय दौरे पर आई इंग्लैंड टीम में गजब का संयोजन है। चार तेज गेंदबाज और चार स्पिनर्स को टीम में जगह दी है। बल्लेबाजी में अनुभवी जो रूट, ओली पोप, जैक क्रॉली और खुद कप्तान बेन स्टोक्स रन बनाने की क्षमता रखते हैं। जेम्स एंडरसन भारत में कमाल करने को बेताब होंगे। टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक चर्चा का विषय बैजबॉल की है। जब से ब्रेंडन मैकुलम ने इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कोचिंग की कमान संभाली है, उन्होंने अपनी खेल शैली के रंग बदल दिए हैं। खेल की परिस्थितियां चाहे जो भी हों, इंग्लैंड अपनी खेल शैली को समान रखने में कामयाब रहा है। इंग्लैंड ने सभी प्रतिद्वंद्वियों के सामने आक्रमक बल्लेबाजी की है।

रोहित शर्मा और उमेश यादव का कहर, अजिंक्य रहाणे फेल तो तिलक-शिवम की दमदार पारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के तीसरे राउंड की शुरुआत शुक्रवार को हुई। इस राउंड के पहले दिन भी कुल मिलाकर 19 मैच खेले जा रहे हैं। इसमें ग्रुप ए, बी, सी, डी के चार-खिलाफ कहर बरपाया। उमेश ने 4 विकेट झटके। वहीं, मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे फ्लॉप रहे और शून्य पर आउट हए। शिवम दुबे ने शानदार अर्धशतक बनाया। हैदराबाद के तिलक वर्मा ने भी खेली। वहीं, कुकना अजय सिंह ने 5 विकेट चटकाए। इसके जवाब में राजस्थान ने 2 विकेट खोकर 110 का स्कोर बना लिया था। करण लाम्बा 45 और दीपक हूडा 36 रन बनाकर नाबाद लौटे। लौटे। केरल के खिलाफ मुंबई की पहली पारी 251 के स्कोर पर सिमट गई। शिवम दुबे ने 51 और तनुष कोटियन ने 56 रनों की पारी खेली। श्रेयस गोपाल ने 4 विकेट चटकाए।





चार और प्लेट ग्रुप के तीन मुकाबले आयोजित किए हैं। भारतीय टीम से बाहर चल रहे विदर्भ के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने जबरदस्त गेंदबाजी की। उन्होंने सौराष्ट्र के खिलाफ कहर बरपाया। उमेश ने 4 विकेट झटके। वहीं मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे फ्लॉप रहे और शून्य पर आउट हए। शिवम दुबे ने शानदार अर्धशतक बनाया। हैदराबाद के तिलक वर्मा ने भी तूफानी पारी खेली। भारतीय टीम से बाहर चल रहे विदर्भ के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने जबरदस्त गेंदबाजी की। उन्होंने सौराष्ट्र के तूफानी पारी खेली। विदर्भ के खिलाफ सौराष्ट्र ने 206 का स्कोर बनाया, जिसमें चेतेश्वर पुजारा के 43 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में विदर्भ ने चार विकेट के नुकसान पर 26 रन बना लिए हैं। सर्विसेज के खिलाफ झारखंड ने अपनी पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 195 का स्कोर बना लिया था। कप्तान विराट सिंह 85 और कुमार कुशाग्र 69 रन बनाकर नाबाद लौटे। राजस्थान के खिलाफ महाराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 182 का स्कोर बनाया। कप्तान केदार जाधव ने 42 रनों की पारी मणिपुर के खिलाफ हरियाणा ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 391 का स्कोर बना लिया था, हिमांशु राणा 193 रन बनाकर नाबाद लौटे।असम के खिलाफ आंध्रा की पहली पारी 188 पर सिमट गई। राहुल सिंह ने 6 विकेट झटके। इसके जवाब में असम ने बिना किसी नुकसान के 43 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ के खिलाफ बंगाल ने चार विकेट के नुकसान पर 206 का स्कोर बनाया। अनुस्तुप मजूमदार 55 और अभिषेक पोरेल 47 रन बनाकर नाबाद उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच पहले दिन का खेल खराब रोशनी के कारण नहीं खेला जा सका।कर्नाटक के खिलाफ गोवा ने पहले दिन 8 विकेट के नुकसान पर 228 का स्कोर बनाया। सन्हेल कौटंकार ने सबसे ज्यादा 83 रनों का योगदान दिया। पंजाब और त्रिपुरा के बीच खराब रोशनी के कारण पहले दिन का खेल नहीं सका। रेलवे के खिलाफ तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 286 का स्कोर बनाया। नारायण जगदीसन ने नाबाद 155 रन बनाए।



राशीफल

मेष-: इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

वृष-: इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मिथुन-: मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

कर्क-: सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सिंह-: सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

कन्या-: इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

तुला-: नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

वृश्चिक-: इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से

धनु-: नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

मकर-: परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

कुंभ-: मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर

मीन-: पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

मोहम्मद रिजवान की इस हरकत पर शिखर धवन ने उड़ाई खिल्ली, बौखला गए पाकिस्तानी फैंस

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने शॉर्ट रन लिया था। इसके बाद वह सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल हो गए थे। अब भारत के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन ने रिजवान की फोटो शेयर कर मजे लिए हैं। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच यूनिवर्सिटी ओवल में तीसरा टी20 मैच खेला गया। न्यूजीलैंड ने 45 रन से इस मैच को अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए थे। फिन एलन ने 137 रन की पारी खेली थी। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान 179

रन ही बना सका था। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच यूनिवर्सिटी ओवल में तीसरा टी20 मैच खेला गया। न्यूजीलैंड ने 45 रन से इस मैच को अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए थे। फिन एलन ने 137 रन की पारी खेली थी। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान 179 रन ही बना सका था। इसी मैच के दौरान पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने एक शॉर्ट रन लिया, वीडियो वायरल होने के बाद रिजवान पर मजेदार कमेंट किए थे। अब भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए मजेदार कमेंट किया है। शिखर धवन ने रिजवान की फोटो शेयर करते हुए मजेदार कमेंट लिखा, 'कबड्डी...कबड्डी...कबड्डी'। धवन के ट्वीट को देख पाकिस्तानी फैंस बौखला गए। दरअसल, पाकिस्तान की पारी के 6 ओवर में यह घटना घटी थी। मैट हेनरी के ओवर की पांचवीं गेंद पर रिजवान ने शॉर्ट खेला। रन लेने के लिए दौड़े और अपना संतुलन खो बैठे। इस कारण बल्ला उनके हाथ से छूट गया। वह बिना बल्ले के ही रन लेने दौड़े। ग्लव्स से जमीन को छूकर पूरा करने की कोशिश की। दूसरे रन के दौरान उन्हें ड्राइव लगानी पड़ी। हालांकि, पहला रन शॉर्ट दिया गया।

सम्पादकीय

नेताजी ने न सिर्फ हिंदी सीखी, कांग्रेस और आजाद हिंद फौज में बढ़ावा भी दिया

नेताजी जानते थे कि ही समूचे भारत को जोड़ सकती है। उन्होंने हिंदी तो सीखी ही, फिर कांग्रेस और आजाद हिंद फौज में हिंदी को बढ़ावा भी दिया।हिंदी के विकास में बंगाल, विशेषकर कोलकाता का योगदान बहुत ज्यादा है। हिंदी ही भावी भारत की संपर्क भाषा होगी, यह विचार पहली बार बंगाल की धरती के ही आचार्य केशवचंद्र सेन ने 1875 में दिया था। कोलकाता की ही धरती पर 1830 में पहला हिंदी अखबार निकला। कोलकाता में 26-28 मार्च, 1929 को हिंदी साहित्य सम्मेलन का अधिवेशन हुआ था। उसकी स्वागत समिति के अध्यक्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस ही थे, जिन्होंने हिंदी में भाषण दिया था। उन्हें पता था कि हिंदी के विकास में कोलकाता का क्या स्थान है। तब कोलकाता में करीब पांच लाख

हिंदी भाषा-भाषी लोग रहते थे।तब नेताजी ने बांग्ला भाषियों से हिंदी सीखने और हिंदी के प्रति कोई आग्रह न रखने को लेकर अपील भी की थी। उन्होंने महात्मा गांधी समेत हिंदी साहित्य सम्मेलन के लोगों से भी अपील की थी कि मद्रास प्रांत की तरह वे बंगाल और असम में भी हिंदी के प्रचार का प्रबंधन करें। उन्होंने कोलकाता और बंगाल में हिंदी पढ़ाने के लिए लोगों से कहा भी था। उन्हें उम्मीद थी कि इसकी वजह से बहुत सारे बंगाली छात्र हिंदी पढ़ने के लिए तैयार हो जाएंगे। उन्होंने बंगाल के छात्रों को छात्रवृत्ति देकर हिंदी का प्रचारक बनाने का भी प्रस्ताव दिया था।नेताजी उन दिनों मजदूरों के बीच भी काम कर रहे थे। तब उन्हें समझ आया कि आम बोलचाल की भाषा के बिना बुनियादी स्तर पर सहज संपर्क स्थापित नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा जताई थी कि यदि तन-मन-धन से प्रयत्न किया गया, तो वह दिन दूर नहीं, जब भारत स्वाधीन होगा और उसकी राष्ट्रभाषा होगी हिंदी। नेताजी को लगता था कि अगर हिंदी को सहज संपर्क भाषा के रूप में अपना लिया गया और दिल-खोलकर लोग इसे सीखेंगे, तो आने वाले दिनों में प्रांतीय वैचारिक खाइयों को पाटने में हिंदी ही मददगार होगी।वर्ष 1938 में हरिपुरा कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष चुने जाने के बाद नेताजी ने हिंदी में ही भाषण देते हुए कहा था, 'यदि देश में जनता के साथ राजनीति करनी है, तो उसका माध्यम हिंदी ही हो सकती है। बंगाल के बाहर मैं जनता में जाऊं, तो किस भाषा में बोलूं? इसलिए कांग्रेस का सभापति बनकर मैं हिंदी खूब अच्छी तरह न जानूं, तो काम नहीं चलेगा।' इसलिए उन्होंने हिंदी सीखने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने लक्ष्मीनारायण तिवारी नाम के सज्जन से हिंदी सीखी।आजाद हिंद फौज में भी उन्होंने हिंदुस्तानी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया। नेताजी समझते थे कि जिस देश के पास अपनी राष्ट्रभाषा नहीं होती, वह खड़ा नहीं रह सकता। उन्होंने कहा था कि भारत की स्वाभाविक लोकभाषा हिंदी एवं उर्दू का मिश्रण होगी, जो देश के बड़े भाग में बोली भी जाती है। उन्होंने इसे लिखने के लिए देवनागरी अथवा उर्दू यानी फारसी, दोनों लिपियों को सुझाया था। यहां पर वे गांधी और विनोबा से अलग विचार रखते हैं। गांधी ने जहां हिंदी और उर्दू-दोनों के लिए देवनागरी लिपि अपनाने का सुझाव दिया, वहीं विनोबा इससे एक कदम आगे, भारत की सभी भाषाओं को नागरी लिपि अपनाने पर जोर देते रहे।दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिंद फौज ने जापानी सेना के सहयोग से ब्रिटिश सेना पर हमला किया। नेताजी की अगुआई में पूर्वी भारत के कई हिस्सों पर आजाद हिंद फौज ने कब्जा कर लिया था। तब नेताजी ने फौज को प्रेरित करने के लिए हिंदी में नारा दिया था, 'दिल्ली चलो।' जब आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों से अंडमान और निकोबार द्वीप छीन लिए, तो नेताजी ने इन द्वीपों को 'शहीद द्वीप' और 'स्वराज द्वीप' नाम दिया।

मायावती की मजबूरी के बीच अप्रासंगिक हो रही पार्टी, वजह वे कुछ भी बताएं

मायावती आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की वजह कुछ भी बताएं, सच यह है कि विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों और खुद अपनी पार्टी के लोगों को संशय में डालने वाली उनकी अप्रत्याशित राजनीति के चलते एक ऐतिहासिक अतीत वाली पार्टी राजनीतिक फलक पर तेजी से अप्रासंगिक होती दिख रही है।बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो मायावती ने हाल ही में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की है। वह इसकी वजह बेशक यह बता रही हैं कि चुनाव पूर्व गठबंधन उनकी पार्टी की संभावनाओं को कमजोर करेगा और सहयोगियों को फायदा पहुंचाएगा, लेकिन यह बात गले नहीं उतरती और उनकी मजबूरी को ही दर्शाती है।दरअसल, कभी बसपा के गढ़ माने जाने वाले उत्तर प्रदेश में न तो सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और न ही विपक्षी दलों का समूह 'इंडिया' गठबंधन अप्रत्याशित व्यवहार करने वाली बहनजी के साथ गठजोड़ करने के लिए तैयार है; जिनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा राज्य में उनकी घटती लोकप्रियता से तालमेल नहीं बैठा पा रही है। कुछ दूसरे राज्यों में भी यही कहानी है, जहां बसपा की मौजूदगी तो है, लेकिन उसका प्रभाव तेजी से क्षीण हो रहा है। फिर भी, संभावित सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के लिए कड़ी सौदेबाजी जारी है।भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने, जो इस वक्त लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरी तरह से मजबूत स्थिति में दिख रहा है, बसपा के साथ गठबंधन करने में कोई रुचि नहीं दिखाई है। इसके बजाय, पिछले संसदीय और विधानसभा चुनावों की तरह सत्तारूढ़ दल की रणनीति तो यही है कि ज्यादा से ज्यादा दलित और मुस्लिम वोटों को अपने पक्ष में करने और विपक्ष के एकीकरण की कोशिशों को कमजोर करने में कैसे बसपा का उपयोग किया जाए।'फूट डालो और राज करो' वाली यह रणनीति हाल के समय में काफी प्रभावी रही है, लेकिन अब दलित व मुस्लिम समुदायों में यह बात तेजी से फैल रही है कि बसपा को वोट देने से अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को फायदा हो सकता है, और यही वजह है कि अब यह रणनीति अपनी शक्ति खो रही है। दरअसल मायावती के समर्थकों के छिटकने की एक मुख्य वजह यह रही है कि अब उन्हें लगने लगा है कि वह शोषित वर्ग की नेता नहीं, बल्कि स्वेच्छा से या मजबूरी में, उत्तर प्रदेश में भाजपा की वोट मशीन की मददगार बन गई हैं। जहां तक 'इंडिया' गठबंधन का सवाल है, कांग्रेस नेतृत्व शुरू से ही बहन जी को उन सभी पार्टियों के संयुक्त मोर्चे में शामिल करना चाहता था, जो भाजपा के खेमे में नहीं थीं।हालांकि समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसका कड़ा विरोध किया था। उन्होंने दरअसल मायावती को लेकर तब से ही कड़ा रुख अपनाया हुआ है, जब 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के तुरंत बाद मायावती ने सपा के साथ बनाए गए अपने राजनीतिक गठबंधन को एकाएक तोड़ दिया था। मायावती द्वारा उठाया गया यह कदम उन्हें तब और भी व्यथित करता है, जब सपा के साथ उनके गठबंधन की वजह से 2014 की तुलना में 2019 में बसपा की सीटें शून्य से दस पर पहुंच गईं, जबकि सपा की सीटें आधी होकर पांच ही रह गईं।अगर कांग्रेस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हाल के विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया होता, तो वह अखिलेश को मनाने की स्थिति में होती कि वह मायावती को गठबंधन में शामिल करने पर पुनर्विचार करें। लेकिन राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा से हार के बाद कांग्रेस की सौदेबाजी की ताकत कम हो गई है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश में कांग्रेस द्वारा सपा के साथ गठबंधन करने से इन्कार करने से अखिलेश पहले से ही नाराज थे। ऐसे में, स्वाभाविक ही, उन्होंने बसपा के मामले में भी अपने हाथ खींच लिए। हालांकि बसपा के बड़ी संख्या में मुस्लिम सांसदों का बहन जी पर दबाव था कि वह 'इंडिया' के साथ मिलकर चुनाव लड़ें, लेकिन बहन जी की अपनी मजबूरी थी।पहली नजर में यही लगता है कि विपक्षी गठबंधन में बसपा की अनुपस्थिति उत्तर प्रदेश में उसकी संभावनाओं को क्षीण करेगी। दूसरी तरफ, ज्यादातर मुस्लिम समर्थकों और खुद मायावती की उपजाति जाटव सहित दलितों में उन्हें लेकर जिस तरह मोहभंग की प्रवृत्ति दिख रही है, उससे यही लगता है कि उत्तर प्रदेश में बसपा कोई बड़ी राजनीतिक शक्ति नहीं रह गई है। अगर बहन जी को विपक्षी गठबंधन में कई दलों के बीच सीटों के बंटवारे की चुनौती में उलझाया जाता, तो यह नामुमकिन नहीं, तो बेहद कठिन चुनौती जरूर होती।हालांकि मायावती का यह दावा भी ठीक नहीं है कि उनकी पार्टी गठबंधन के बजाय अकेले ज्यादा बेहतर चुनाव लड़ती है। अगर पिछले संसदीय चुनावों पर नजर डालें, तो कहानी स्पष्ट होती है, जिसमें बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 19.4 फीसदी वोट शेयर के साथ 10 सीटें हासिल की थीं, हालांकि उन्होंने कुल सीटों की आधी से भी कम पर चुनाव लड़ा था। तीन साल बाद 2022 में राज्य विधानसभा चुनाव में सभी 403 सीटों पर लड़ते हुए उनकी पार्टी को केवल एक सीट मिली और उसका वोट शेयर गिरकर 13 फीसदी पर पहुंच गया।इसमें कतई संदेह नहीं कि उत्तर प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड हार के बाद मायावती और बसपा का राजनीतिक कद काफी घट गया है। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी है, जिसने राष्ट्रीय लोकदल के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और भाजपा की लहर के बावजूद 111 सीटें और 32 फीसदी वोट के साथ एक विश्वसनीय टक्कर जरूर दी। विधानसभा चुनाव के नतीजे ने देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले और राजनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण राज्य में भाजपा खेमे के बाहर विपक्षी राजनीतिक दलों के साथ सौदेबाजी की स्थिति में बहन जी की स्थिति अखिलेश की तुलना में जाहिर है कि कमजोर की है। ऐसे में, मायावती को 'इंडिया' गठबंधन से बाहर रखने में अखिलेश की निर्णायक भूमिका रही हो, तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। अब इन स्थितियों को अपने पक्ष में दिखाते हुए इसे उपलब्धि की तरह पेश करना मायावती की मजबूरी थी।कुछ भी हो, उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों के गठबंधन के सामने सले से कम होने वाली नहीं।

भारतीय सभ्यता के नायक रामचरितमानस का अनुपम उपहार

रामचरितमानस के राम भारत राष्ट्र के पुनरुत्थान के नायक हैं। वह तुलसीदास ही हैं, जिन्होंने राम के प्रति अटूट श्रद्धा की नींव रखी। इस तरह समाज को रामचरितमानस का अनुपम उपहार देकर तुलसीदास भारतवर्ष के भविष्य की भी रचना कर गए हैं।भारतीय इतिहास की पृष्ठभूमि में एक ऐसा नाम है, जो मुगल काल में सनातन पहचान और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की मूर्ति के रूप में उभरता है, वह है गोस्वामी तुलसीदास का। उनके महाकाव्य रामचरितमानस ने सनातन धर्म का उस समय पुनर्जागरण किया, जब भारत में मुगलों की तूती बोलती थी।आज के दिन, जब राम की जन्मस्थली अयोध्या में पांच सौ वर्षों बाद राम मंदिर सनातन धर्म की महिमा का प्रतीक बन गया है, जब चारों दिशाएं 'जय श्रीराम' के नारों और राम भजनों से गूंज रही हैं और हवाओं में केसरिया रंग घुला है, तब यह आवश्यक हो गया है कि हम हर्ष-उल्लास के इस अद्भुत कालखंड में गोस्वामी तुलसीदास को भी अपनी स्मृतियों में संजोएं, जिन्होंने राम को देश के कण-कण में व्याप्त कर दिया, उन्हें भारतीय सभ्यता के सबसे बड़े नायक के रूप में जन-जन के रोम-रोम में स्थापित कर दिया। तुलसीदास का असाधारण योगदान न केवल उनके कृतित्व की साहित्यिक प्रतिभा में है, वरन भारतीय समाज के ताने-बाने पर मुगल प्रभाव को थोपने के विरुद्ध उनके दृढ दृष्टिकोण में भी है। तुलसीदास ने जान-बूझकर मुगलों की भाषा और अपसंस्कृति के प्रतीकों को रामचरितमानस से बाहर रखा।गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना 16वीं शताब्दी में की थी। माना जाता है कि उन्होंने 1574 और 1576 के बीच इस कृति का सृजन किया। हालांकि विभिन्न ऐतिहासिक विवरणों के हिसाब से इसका सटीक समय थोड़ा भिन्न हो सकता है, पर सनातन मान्यताओं को अविरल रूप से सींचती रामचरितमानस एक कालजयी और श्रद्धेय कृति बनी हुई है और निस्संदेह विश्व में सर्वाधिक पढ़ी और गाई जाने वाली महाकाव्यात्मक रचना भी।जब भारतीय शासकों, जाटों और राजपूतों ने मुगल साम्राज्य को उखाड़ फेंकने के लिए संघर्ष किया, तब सृजन तपस्या में लीन तुलसी एक अदृश्य नायक के रूप में उभर रहे थे। उनके महाकाव्य रामचरितमानस ने पूरे उपमहाद्वीप में हिंदुओं को एकजुट करने वाली शक्ति प्रदान की। पुरुषोत्तम राम को अपने महाकाव्य के केंद्रीय व्यक्ति और नायक के रूप में प्रस्तुत कर तुलसीदास ने हिंदू समाज को एक उभयनिष्ठ गुरुत्वाधार दिया, जिससे हिंदू समुदाय को मुगलों के दमनकारी शासन के विरुद्ध एकजुट होने की प्रेरणा मिली।इस तरह से तुलसी के सृजन का प्रभाव साहित्य के क्षेत्र से परे चला गया। भगवान राम पर केंद्रित अपनी कथा के साथ रामचरितमानस एक शाश्वत महाकाव्य बन गया, जिसने पीढ़ी दर पीढ़ी सभी को प्रभावित किया। इसकी चौपाइयां लाखों हिंदू घरों में गूंजती हैं और जो हमें प्रेरणा और नैतिक मार्गदर्शन के स्रोत और सनातन सभ्यता के स्थायी मूल्यों का स्मरण कराती हैं।तुलसीदास के प्रभाव की परिणति राम की पूजा के समकालीन पुनरुत्थान और अयोध्या में भव्य राम मंदिर की स्थापना में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। इस सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनरुत्थान के पुण्य बीज रामचरितमानस में हैं। तुलसी ने राम के प्रति अटूट श्रद्धा की नींव रखी। भारत में विगत 500 वर्षों से दबे स्वरों में और 30-40 वर्षों से सक्रिय रामजन्मभूमि आंदोलन और अब अयोध्या में भव्य मंदिर तथा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा रामचरितमानस के अमिट आलोक का ही प्रतिफल है। सनातन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और मुगल अपसंस्कृति के प्रति अवज्ञा को देखते हुए गोस्वामी तुलसीदास को सच्चे अर्थों में 'राष्ट्र जनक' कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा। रामचरितमानस के माध्यम से उन्होंने जो सांस्कृतिक कायाकल्प किया, वह उन्हें सनातन धर्म के इतिहास और विदेशी प्रभुत्व के विरुद्ध संघर्ष में एक महान व्यक्ति बनाता है।

पुलिस अधीक्षक ने अयोध्या में भगवान श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम हेतु मिर्ज़ापुर में व्यवस्था हेतु किया प्रबंधन

मिर्ज़ापुर। आगामी दिनांक 22.01.2024 को श्री अयोध्या धाम अयोध्या में आयोजित होने वाले श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर जनपद की सूरक्षा/कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के निमित पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने जनपद मीरजापुर के सभी थाना क्षेत्रांतर्गत प्रमुख मार्गों/चौराहो, धार्मिक स्थलों एवं मिश्रित आबादी क्षेत्र में सुदढ़ पुलिस प्रबन्धन कर सतर्कता/नीगरानी रखी रखने का निर्देश दिया ।उन्होंने बताया कि चिह्नित स्थानों पर पुलिस पिकेटस एवं मोबाइल गस्त पार्टिया भी लगाई गयी है । बाजार, स्कूल/कालेजों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर एन्टीरोमियों स्कॉड को भ्रमणशील रखा गया है तथा श्री अयोध्या धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्गों पर सुगम एवं सूचारू यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक प्रबन्ध किया गया है । उन्होंने कहा कि अभिसूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए जगह-जगह अभिसूचना कर्मियों की ड्यूटी भी लगायी गयी है । थाना प्रभारीयों एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को निरन्तर अपने थाना/सर्किल क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए सतर्कता, सूरक्षा/कानून व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ किसी प्रकार के अफवाहों आदि का तत्काल तथ्यपरख खण्डन करने एवं शरारती तत्वों पर सतत निगरानी रखते हुए समुचित वैधानिक/निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिया गया है उन्होंने कहा कि उक्त परिपेक्ष में प्रचलित स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा पुलिस के सभी कार्यालय/पुलिस लाइन्स, थाना/चौकी एवं अन्य पुलिस परिसर में साफ-सफाई के कार्य किया जा रहा है । साथ ही जनपद पुलिस के सभी भवनों, कार्यालयों पर सजावटी लाइट लगायी जा रही है ।उन्होंने कहा आगामी दिनांक 22.01.2024 को सभी कार्यालय/परिसर में दीप जलाये जायेगे एवं इससे सम्बन्धित सास्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा।पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने उक्त अवसर पर जनपद मीरजापुर पुलिस जनपद वासियों से सुरक्षा/कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सहयोग की अपील किया।एवम सभी जनपद वासियों को इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दिया।। (2) समाधान दिवस पर जिलाधिकारी एवम पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई कर दिया निर्देश मिर्ज़ापुर।सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने तहसील चुनार में जन सुनवाई कर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया । जिलाधिकारी ने राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करते हुये अलग-अलग क्षेत्रो में प्राप्त प्रार्थना पत्रो का मौके पर पहुंच कर निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि गठित टीमो के अधिकारी कर्मचारी आज ही मौके स्थल पर जाये और दोनो पक्षो की उपस्थिति में मामले को गम्भीरत से लेते हुये पूरी पारदर्शिता से जांच कर निस्तारित करे तथा कृत कार्यवाही से सांय तक अवगत भी कराया जाय। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जन सामान्य के शिकायतो का निस्तारण मात्र संख्यात्मक बल न देते हुये बल्कि उसका गुणवत्ता व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण कराये ताकि फरियादी को त्वरित न्याय मिल सकें। उक्त दौरान जिलाधिकारी ने शीत व ठंड से बचाव के हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये वयोवृद्धजनो को कम्बल भी वितरित किया । उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सी0एल0 वर्मा, उप जिलाधिकारी चुनार चन्द्र भानु सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अजय प्रताप सिंह सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।(3)उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल नन्दी ने विंध्याचल विंध्यवासिनी मन्दिर ,संकटमोचन मन्दिर झाड़ू पोछा लगाकर किया सफाई अभियान मिर्ज़ापुर। अयोध्या में भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के कुशल निर्देशन में पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उसी के क्रम मे उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एन0आर0आई0 तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने विन्ध्याचल के शिवपुर में रामेश्वर मन्दिर में भगवान शिव का दर्शन पूजन किया तथा शिव मन्दिर में सफाई अभियान कर जागरूकता किया। इसके उपरांत रामेश्वर मन्दिर के प्रांगण में चल रहे अखण्ड रामायण पाठ में शामिल हुए इसके पश्चात सफाई कार्मिको को मास्क, दस्ताना आदि का वितरण किया । ज्ञातव्य हो कि भगवान श्रीराम अपने वन गमन के दौरान गंगा किनारे इस रामेश्वर मन्दिर की स्थापना किया था ।उक्त अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, एवम भाजपा के पदाधिकारी गण सफाई अभियान में शामिल रहे। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' सफाई अभियान में मां विध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल मन्दिर पहुंचे तो वहां पर पहले से ही कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद मौजूद रहे दोनो कैबिनेट मंत्रियों ने सबसे पहले मां विन्ध्यावसिनी देवी का दर्शन पूजन किया तत्पश्चात मां विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर परिसर पर सफाई, झाड़ू लगाने के पश्चात मन्दिर के सीढ़ियो पर पानी से सीढ़ियो की धुलाई कर पोछा लगाया । सफाई अभियान विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा , जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुंदर केसरी ने शामिल होकर साफ सफाई किया। सफाई अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' मीरजापुर के नगर सुप्रसिद्ध प्राचीन मन्दिर संकट मोचन में दर्शन पूजन किया तथा मन्दिर में झाड़ू लगाकर सफाई कर स्वच्छता अभियान किया ।

स्वच्छता अभियान के उपरांत उन्होंने पत्रकारो से वार्ता कर कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व पूरे देश में मन्दिरो व विभिन्न क्षेत्रो में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। उन्होने कहा कि आज पूरी दुनिया राममय हैं एवं सनातन धर्म को मानने वाले पूरी दुनिया लोग भजन कीर्तन में डूबे है तथा सभी को अयोध्या आकर भगवान राम के दर्शन की होड़ लगी हैं। उन्होने कहा कि सबसे बड़ी है कि हर गांव में कम से कम दो-दो चार-चार मन्दिर अवश्य है सभी मन्दिरों में कमेटी गठन हो क्षगया है वहां के लोग भजन कीर्तन के साथ-साथ भंडारा व साफ सफाई भी स्वेच्छा से कर रहें। उन्होने कहा कि अपने अभी तक के इतनी आयु सफर में इतना बड़ा जन आन्दोलन कभी नही देखा। निश्चित रूप से आज पुरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वाले खुश हैं। अयोध्या श्रीराम जन्म भूमि पर गगनचुम्बी राम मन्दिर बनकर तैयार है जहां पर प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है तो वही दूसरी ओर गांव-गाव गली-गली सभी स्थानो पर भगवान राम के प्रति जो आस्था व विश्वास लोगो में जगी है वह अतुलनीय हैं। उन्होने कहा कि दीपाली के अवसर पर दीपोत्सप पटाखा की दुकान लगती थी और होली में रंग गुब्बारे की दुकान लगती थी उसी तरह पूरे देश में आज दिये और पटाखो की दुकाने लगी है और मन्दिरो के साथ अपने घरो को पूरा दीपोत्सवमय बना रहे तथा जगह-जगह प्रसाद व भंडारे कर रहे हैं। उन्होने कहा कि जहां एक तरफ अयोध्या में भगवान राम मन्दिर का विकास हो रहा है उसी तरह से विन्ध्याचल में मां विन्ध्यवासिनी का कारीडोर भी इतना भव्य व सुन्दर बन रहा है मथुरा में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ के मार्ग दर्शन में डबल इंजन की सरकार ने जो विकास का कार्य किया है उससे देश की जनता खुश है और योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर भी विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर आसाराम वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल, क्षेत्राधिकारी औराई अन्य अधिकारी व जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

अभिनय के लिए सम्मान अवार्ड वग़ैरह तो मिलेगा ही

कुछ साल पहले जब मुंबई से मेरे अभिनय करियर की शुरुआत हुई थी , तो मैंने सोचा था कि अगर अच्छा काम किया तो समय के साथ अभिनय के लिए सम्मान सब यूँ ही नहीं हुआ है !! इसमें मेरी मेहनत के साथ साथ माता पिता का आशीर्वाद भी शामिल है ! मैं अपना वाग्धारा सम्मान अपने माता पिता और अपने

अवार्ड वग़ैरह तो मिलेगा ही !! लेकिन किसी प्रतिष्ठित सम्मान समारोह में जज़ बनने के अवसर मिलेगा और महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा ऐसा नहीं सोचा था , लेकिन ऐसा हुआ वाग्धारा सम्मान समारोह में !! ईश्वर की कृपा और अपने चाहनेवालों की दुआओ से पिछले दो सालो से सम्मान और अवॉर्ड्स का सिलसिला अभी भी जारी है !! मुझे नहीं मालूम कि मैं इन सब के योग्य हूँ या नहीं !! लेकिन ये ज़रूर जानती हुँ , ये चाहने वालों को समर्पित करती है !! और उनसे वादा करती हुँ कि मैं आगे भी अपनी मेहनत में कोई कोर कसर नहीं रख छोड़ूँगी !! आप सब मेरा हौसला ऐसे ही बढ़ाते रहे !! और आखरि में साबरी ब्रदर्स की इन लाइनो के साथ अपनी बात पूरी करती हुँ !! जो मेरे भावों की सही अभिव्यक्ति भी है !! ये सब तुम्हारा करम है दाता की बात अब तक बनी हुई है , मैं इस करम के कहाँ था काबिल हुज़ूर की बंदा -परवरी है ।

संक्षिप्त समाचार

अयोध्या भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूरे जनपद के प्रमुख स्थलो पर किया गया सजीव प्रसारण

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। मीरजापुर 22 जनवरी 2024- तीर्थ धाम अयोध्या में आज भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के दिन आयोजित समारोह के दौरान अयोध्या के साथ-साथ जनपद मीरजापुर में भी उत्साह व हर्षोल्लास का महौल रहा। जनपद में प्रातः काल से ही जनपद नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रो के छोटे बड़े सभी मन्दिरो में स्वच्छता अभियान चलाया गया तत्पश्चात

मन्दिरो को सजाकर रंगोली आदि बनाते हुये आने वाले श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने प्रातः काल ही विन्ध्याचल मां विन्ध्यवासिनी देवी के मन्दिर पहुंचकर मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्र, अध्यक्ष पण्डा समाज पंकज द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल के साथ वृहद सफाई अभियान करते हुये मन्दिर व मन्दिर परिसर की धुलाई करते हुये झाड़ू लगाया तथा मा0 विधायक व जिलाधिकारी तथा अन्य अधिकारियों के द्वारा पूरे मन्दिर परिसर में पोछा भी लगाया गया। तत्पश्चात मन्दिर परिक्रमा पथ प्रांगण में स्कूली छात्राओ व महिलाओं के साथ जिलाधिकारी व मा0 विधायक नगर के द्वारा भगवान श्रीराम पर आधारित बनाया गया भगवान श्रीराम पर आधारित रंगोली जो आकर्षण का केन्द्र रहा। विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर में संस्कृत विद्यालय के संस्कृत के विद्वान छात्र-छात्राओ व प्रकाण ब्राहम्णो के द्वारा भगवान श्रीराम चन्द्र जी की मूर्ति के सामने बैठकर भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। इस अवसर पर मा.0 विधायक नगर व जिलाधिकारी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व भगवान श्रीराम चन्द्र जी की विधिवत पूजन अर्चन करते हुये आरती भी किया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा कुछ देर बैठकर हनुमान चालीसा का पूरा पाठ भी किया गया ।

महिलाओ ने कीर्तन कर माहौल को बनाया राम मय

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष में आज सेक्टर 70 आरडब्ल्यूए के सौजन्य से भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ।सुबह हवन और दोपहर में कीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया गया।प्रभु श्री राम के इस कार्यक्रम के अवसर पर अध्यक्ष अमित चौहान,उपाध्यक्ष गौरव भाटी, नंबरदार उपाध्यक्ष अध्यक्ष ठाकुर बब्बन सिंह,महासचिव प्रमोद यादव,कोषाध्यक्ष कोच सतीश चंद्र, कंचन सह सचिव, मनोज शर्मा उप सचिव,संदीप गर्ग ,प्रशांत त्यागी,अनिल शर्मा ,मुन्नालाल एवं समस्त टीम ने संपूर्ण सहभागिता से कार्यक्रम को राममय बनाया।महिलाओ ने श्री राम जी के कीर्तन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और पूरे कार्यक्रम को राम मय बना दिया। महिला टीम की सविता चौहान, नीलम चौहान, ममता,ज्योति ना गर,सीमा,सुभद्रा, रेनू,आशा, राजकुमारी,अलका गीता,पुष्पा, पूजा,संगीता, गौरव भाटी

परिवार(परिवार सहित) निर्मला, संगीता चौधरी,टीना चौहान,प्रीति मधु चौहान आदि सभी महिलाओं ने धूमधाम से राम लाल को भोग लगाया।अध्यक्ष अमित चौहान ने बताया कि शाम को 1100 दिए जलाये गए।समस्त सेक्टर वासीयों ने सपरिवार प्रभु श्री राम के कार्यक्रम में सहभागिता करी।

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी की अपील को जनपदवासियों किया स्वीकार घरों को ही बनाया अयोध्या

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मीरजापुर जनपद में सोमवार को उत्सव का माहौल रहा। मीरजापुर के विभिन्न स्थानों पर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद में आयोजित कई प्रमुख कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माननीय राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री आशीष पटेल शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल घंटाघर के प्रांगण में वासलीगंज संकट मोचन मंदिर व शाहपुर चौसा सभी जगह पर विशाल हवन, पूजन, आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री आशीष पटेल ने कहा कि कई स्थान पर प्रभु राम जी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पूरे जनपद में हर्षोल्लास का माहौल है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अपील को स्वीकार करते हुए लोग अपने घरों को अयोध्या का स्वरूप दिये हैं। घरों को सजाये हैं। जगह जगह पर भंडारा व कीर्तन का आयोजन किया गया है। प्रभु श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम शाहपुर चौसा में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में बाबू रघुवंश सिंह उत्सव लॉन का माननीय मंत्री श्री आशीष पटेल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रोपराइटर भाजपा जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने अंग वस्त्र देकर माननीय मंत्री जी का स्वागत व अभिनंदन किया।कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, लोकसभा संयोजक दिनेश वर्मा, भाजपा नेत्री निर्मला राय, चंद्रांशु गोयल, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम कुमार विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता, नगर महामंत्री श्याम सिंह, पिछड़ा मोर्चा नगर मंडल पूर्वी के अध्यक्ष प्रवि कसेरा आदि लोग उपस्थित रहें। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाये गये स्टालो के माध्यम से विभिनन योजनाओं के पात्र लाभार्थियो का कराया गया पंजीकरण

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। मीरजापुर 22 जनवरी 2024- उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए दिनांक 21.11.2023 से 26.01.2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में जनपद के 03 विकास खण्डों के कुल 06 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड लालगंज के ग्राम पंचायत राजापुर, लहंगपुर, विकास खण्ड नरायनपुर में ग्राम मीरजापुर, घाटमपुर, विकास खण्ड पहाड़ी के ग्राम पंचायत रानी चैकिया, तोसवा, में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम आयोजित हुआ। जनपद के 06 ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्बन्धित नामित नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में की गयी। सभी 06 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा 05 स्टाल लगाये गये, उन

स्टालों पर प्रदर्शन के साथ ही उपस्थित जन समूह को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी तथा आन स्पाट पंजीयन आनलाइन आवेदन की कार्यवाही की गयी। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गयी। आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मा0 प्रमुख क्षेत्र पंचायत/सदस्य जिला पंचायत/ ग्राम प्रधान सहित अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। प्रत्येक विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित विकास विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी/ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों एवं स्थानीय जनता सहित कुल प्रतिभागियों की संख्या 5760 रही है।

सेक्टर 55 में हुआ भव्य आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। नोएडा राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष में आज सेक्टर 55 के ई-ब्लॉक और सी- ब्लॉक मन्दिर मे तदुपरांत दीपक एवं प्रसाद का वितरण समस्त समाज को किया गया। समस्त सेक्टर वासी लगभग 900 से 1000 लोगो ने सपरिवार प्रभु श्री राम के कार्यक्रम में सहभागिता करी। प्रभु श्री राम के

आरडब्ल्यूए के सौजन्य से भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ । मंदिर प्रांगण में एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में हो रहे भव्य कार्यक्रम को समस्त सेक्टर वासियों को लाइव दिखाया गया तथा सामूहिक भजन कीर्तन का कार्यक्रम निरंतर चलता रहा तथा आकाशीय आतिशबाजी की गई इस कार्यक्रम के अवसर पर फोरनवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा व प्रदीप बोहरा तथा आरडब्ल्यूए सैक्टर 55 अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल, राजेश अग्रवाल, राकेश शर्मा, नीरज शर्मा, कुलदीप शर्मा, राजरानी अग्रवाल, अजय शुक्ला, किशन सुंदरियाल एवं समस्त टीम ने संपूर्ण सहभागिता से कार्यक्रम को राममय बनाया।

सेक्टर 36 में निकली शोभायात्रा, गोपाल कृष्ण अग्रवाल हुए शामिल

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। नोएडा अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्रतिमा के प्रांत

प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूरा देश राममय हो रखा है। देश- विदेश में शोभायात्रा और कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नोएडा सेक्टर 36 में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भाजपा राष्ट्रीय प्रस्ताव गोपाल कृष्ण अग्रवाल शामिल हुए। शोभायात्रा में गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा आज का दिन एक ऐतिहासिक दिन है। देश पूरा राममय हो गया है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने हम सभी सनातनियों के मान को बढ़ाया है। इसके अलावा सेक्टर 36 स्थित राम मंदिर में भी राम मंदिर कार्यक्रम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भी लाइव प्रसारण हुआ। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी एवं कार्यक्रम संयोजक योगेंद्र पांडे, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष जेपी उप्पल, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ लीना, भाजपा नेता शिवानी सहित सैकड़ों की संख्या में रामभक्त उपस्थिति रहे।

सपा नोएडा महानगर ने छोटे लोहिया (जनेश्वर मिश्र) को किया शत-शत नमन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। नोएडा छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र की 14 वीं पुण्यतिथि पर सेक्टर 53 स्थित कंचनजंगा मार्केट सपा नोएडा महानगर कार्यालय पर नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उनको याद किया। डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने समाजवाद का परचम लहराया था। उन्होंने हमेशा दलित शोषित और पीड़ितों की लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने सदैव समाज के बारे में चिंतन किया ,उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समाजवादियों के लिए समर्पित कर दिए, उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज नोएडा शहर में स्वास्थ्य ,शिक्षा और कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है सरकारी अस्पताल में लोग बिना इलाज और दवाई के परेशान हैं नोएडा के जनसंख्या के अनुपात में ना तो यहां कॉलेजों की संख्या बढ़ाई गई और ना ही सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ाई गई, स्कूलों कॉलेज में व्यवस्था पूरी तरह फेल है, आज शहर में चारों तरफ भय का माहौल है लगातार लूट ,चोरी, कत्ल की वारदात शहर में बढ़ती जा रही है, महासचिव विकास यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया के नाम से भी जाना जाता है उनके रग रग में समाजवाद भरा हुआ था, वही सपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र

अवाना व मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने कहा कि आज जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सभी समाजवादी लोग व्रत लेंगे कि वे जनेश्वर मिश्र के बताए मार्ग पर चलकर भाजपा की भय भूख और भ्रष्टाचार के उल्टे पड़े नारे को जन-जन तक पहुंचाएंगे और उन्हें बताएंगे कि महंगाई किस चरम पर है पेट्रोल डीजल महंगे हो गए हैं इसके साथ सरसों का तेल और अन्य चीजों के दाम भी आसमान छू रहे हैं, वही नवनियुक्त प्रदेश सचिव हीरालाल यादव व मजदूर सभा के प्रदेश सचिव यामीन खान का समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर संगठन द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। ,आज के बैठक में मौजूद मुख्य लोगों में भीष्म यादव, हीरालाल यादव, लोकपाल यादव,सौरभ चौहान, कमल सिंह गौतम, सतवीर यादव, बिल्लू सैफी, शालिनी खारी, राम सहेली, अतुल,दिलशाद खान, विजय , प्रदीप,लोकेश ,पंकज ,केशव ,वीरपाल प्रधान,इंद्रजीत नितिन ,वीर बहादुर, नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र खारी, विमला,सिकंदर पासवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संपन्न होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। नोएडा अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर भव्य श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आई-70,सेक्टर-9, नोएडा स्थित अपने कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम समारोह के मुख्य अतिथि मेरठ मंडल के एडिशनल कमिश्नर बच्चू सिंह,समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा द्वारा भगवान श्रीराम की पूजा की गई। पूजा के पश्चात पंडित राम झलक पांडेय द्वारा सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। तत्पश्चात हवन एवं भगवान श्रीराम की आरती की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होने के पश्चात आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी के उपरांत विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सह कोषाध्यक्ष अनिल गोयल,अनंत वर्मा,मुकेश गोयल, मुकेश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग,बजरंगलाल

गुप्ता, एस एम गुप्ता,पवन गोयल, संजय गुप्ता, रविकांत मिश्रा, अजीत चाहर,मनोज गोयल सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे। पूरा आयोजन भगवान श्रीराम की जय हो के नारों से गूंजता रहा। उपस्थितजन खुशी से झूम उठे और जमकर नृत्य किया।

अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम के साथ दीपों से सजाया मंदिर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। नोएडा अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 सेक्टर 82 स्थित मंदिर परिसर में प्रातः 9: 30 बजे से सुंदर काण्ड का पाठ किया गया तदोपरांत हवन यज्ञ हुआ जिसमें सभी पॉकेट वासियों ने आहुतियां अर्पित की। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। सायं 6 बजे से मंदिर परिसर से पॉकेट की माताओं बहनों ने अपने अपने थाल में दीप सजाकर दीप यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान

भक्तजन ढोल,शंख , घंटा बजाकर जय सियाराम के नारे लगा रहे थे जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया। इस दौरान भक्तों ने जमकर आतिशबाजी भी की। पॉकेट के मैन गेट को दियों से सजाया गया इसके बाद मंदिर परिसर को दियों की रोशनी से जगमग किया गया। भजन कीर्तन के बाद महा आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भगवान राम करुणा के सागर हैं । हम सबके आराध्य प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भारत सहित सम्पूर्ण विश्व राममय हो गया है। हर गांव हर शहर अयोध्या धाम बन गया। सभी ने जाति, धर्म की दीवारों को तोड़कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर जश्न मनाया। राम जी प्यार के सागर हैं जहां नफरत का कोई स्थान नहीं है।इस अवसर पर विश्वेंद्र कुमार शर्मा, सुशील पाल, संजय पांडे, गोरेलाल, देवमणि शुक्ला, देवेंद्र गुप्ता, रवि राघव, संतोष तिवारी, राजेश राघव, उत्तम चंद्रा, हंसमणि शुक्ला, संजय शुक्ला, रमेश गुप्ता, रमेश वर्मा, विजय जी,विकास शर्मा, अंगद सिंह तोमर, सर्वेश तिवारी, बीरबल सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, दीपक तिवारी, रमेश चंद शर्मा, बीके भारद्वाज, रविंद्र कुमार, आरसी दास, संगम प्रसाद मिश्रा, अमितेश सिंह, बृज किशोर सहित सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

पॉकेट 7 से निकाली गई श्रीराम नाम यश गान शोभायात्रा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। नोएडा अयोध्या में होने जा रही भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले ईडब्ल्यूएस पॉकेट

सात सेक्टर 82 में पॉकेट वासियों ने श्रीराम नाम यश गान शोभा यात्रा निकाली। इस यात्रा में राम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पॉकेट 7 के मंदिर से यह शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें राम जी, लक्ष्मण जी, सीता जी और हनुमान जी एक रथ पर सवार हुए। ढोल नगाड़ों की थाप पर रामभक्त जमकर थिरके और जय सियाराम के नारों से पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। शोभा यात्रा पॉकेट 7, पॉकेट 12 घूमती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंची जहां पर सभी ने मिलकर सुंदर काण्ड का पाठ किया। सुंदर काण्ड के उपरांत आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन समिति के सदस्य राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 22 जनवरी को मंदिर परिसर में प्रातः 9 बजे से सुंदर काण्ड का पाठ किया जाएगा तदोपरांत हवन यज्ञ किया जाएगा और प्रसाद वितरण होगा। सायं 6 बजे से सभी भक्तजन मंदिर पर एकत्रित होकर 11 दिए थाल में लेकर दीप यात्रा निकालेंगे जिसमें मैन गेट से लेकर पूरे पॉकेट व मंदिर परिसर को दीपों से जगमग किया जाएगा। इसके बाद भजन कीर्तन और आरती होगी। भगवान राम हम सभी के चेतना के केंद्र हैं। उनका जीवन आदर्श है इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। वह तो सभी के हैं इसलिए उन्हें धर्म में बांटना ठीक नहीं है और न ही उनके नाम पर राजनीति होनी चाहिए। इस अवसर पर विश्वेंद्र कुमार शर्मा, सुशील पाल, संजय पांडे, गोरेलाल, देवमणि शुक्ला, देवेंद्र गुप्ता, रवि राघव, संतोष तिवारी, राजेश राघव, उत्तम चंद्रा, हंसमणि शुक्ला, संजय शुक्ला, रमेश गुप्ता, रमेश वर्मा, विजय जी, पंकज झा,विकास शर्मा, अंगद सिंह तोमर, सर्वेश तिवारी, बीरबल सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, दीपक तिवारी, रमेश चंद शर्मा, बीके भारद्वाज, रविंद्र कुमार, आरसी दास, संगम प्रसाद मिश्रा, अमितेश सिंह, बृज किशोर सहित सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

शिक्षा के बिना समाज का विकास अधूरा

(आधुनिक समाचार सेवा)

अनपरा (सोनभद्र)। पैराडाइज प्रेक्षागृह रेणुसागर में आदित्य बिड़ला

पब्लिक स्कूल, रेणुसागर का 43वां वार्षिकोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम के प्रारंभ में हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीज़न रेणुसागर के यूनिट हेड व विद्यालय के अध्यक्ष आर0 पी0 सिंह एवं दिशिता महिला मंडल की प्रमुख इंदू सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर0 पी0 सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, साथ ही उन्होंने परिश्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिकतम सफलता प्राप्ति के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए ''स्काई इज द लिमिट ' का मंत्र दिया। शिक्षा के महत्त्व को रेखांकित करते हुए मख्य अतिथि ने कहा कि कोई भी समाज या देश तब तक पूरी तरह से विकसित नहीं हो सकता जब तक कि वहाँ के लोग सही अर्थ में शिक्षित न हो जायें। शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान प्राप्ति नहीं है बल्कि हमें कौशल अर्जित करने के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रिया-कलापों एवं गतिविधियों में भी पारंगत होना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय के प्रबंधक व रेणुसागर के एचआर-हेड शैलेश विक्रम सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों से बच्चों में व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ आत्मबल भी बढ़ता है। दीप प्रज्वलन के बाद विद्यालय की प्रधानाचार्या बिद्या चैटर्जी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया एवं विद्यालय की आगामी गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

रामेश्वर मन्दिर एवं तारा मन्दिर पर आयोजित किया गया में वृहद दीपोत्सव कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। मीरजापुर 22 जनवरी 2024- तीर्थ धाम अयोध्या में आज भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के दिन आयोजित समारोह के दौरान अयोध्या के साथ-साथ जनपद मीरजापुर में पूरा उत्साह का माहौल देखा गया प्राण प्रतिष्ठा के बाद मं गंगा नदी के किनारे समस्त घाटो पर भी नगरवासियों, स्वंय सेवी संगठनो, जिला प्रशासन व नगर निकायो के द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ विन्ध्याचल मन्दिर, अष्टभुजा मन्दिर, कालीखोह मन्दिर, रामेश्वर मन्दिर एवं तारा मन्दिर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विन्ध्याचल मन्दिर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र व अध्यक्ष विन्ध्य पण्डा समाज पंकज द्विवेदी के साथ मन्दिर पर दीप जलाये गये। इस अवसर मां विन्ध्यवासिनी मन्दिर को भी दीप जलाकर सजाया गया तथा आकर्षक फूलो व झालरो से मन्दिर को सजाया गया। विन्ध्याचल में दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत आज कुल मां विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर पर 5100, मां कालीखोह मन्दिर 1100, मां अष्टभुजा मन्दिर 1100, रामेश्वर मन्दिर 1100 एवं तारा मन्दिर पर 2100 दीप जलाकर सजाया गया तो ऐसा प्रतीत हुआ कि सारे सितारे आसमा से स्वंय जमी पर आ गये हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ यादव, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

आयशा के बाद खत्म हुआ ट्रॉफी के दावेदार कंटेस्टेंट का भी सफर, नाम सुन बोले फैंस- बहुत अच्छी खबर

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। सलमान खान का होस्टेड शो 'बिग बॉस 17' टेलीविजन की दुनिया में बस कुछ ही दिनों का मेहमान है। ग्रैंड फिनाले से कुछ दिनों पहले वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट आयशा खान का सफर खत्म हो चुका है। उनके एलिमिनेशन की खबर सामने आ चुकी है। वहीं अब एक और कंटेस्टेंट हैं जिन्हें उनके फैंस फिनाले में नहीं देख सकेंगे। मेकर्स इस बार डबल एलिमिनेशन करते देखे जाएंगे। 'बिग बॉस 17' में इस बार अनोखा नॉमिनेशन टास्क होते देखने को मिला। दो ग्रुप में बंटी टीम में से चार नॉमिनेशन में हैं। आयशा, ईशा, विक्की और अंकिता को नॉमिनेट किया गया है। इनमें से किसी एक नहीं, बल्कि दो कंटेस्टेंट्स का सफर खत्म होने के पूरे चांसेज हैं। यह आखिरी वीकेंड का वार भी है, तो माना जा रहा है कि डबल एविक्शन होगा। आयशा खान के एलिमिनेशन की खबर पहले ही सामने आ चुकी है और अब बेघर होने वाले दूसरे कंटेस्टेंट के नाम से भी पर्दा उठ चुका है। बीते एपिसोड में बिग बॉस ने फैंस को बुलाया। उनके सामने कंटेस्टेंट्स ने एक दूसरे को रोस्ट किया। आखिर में बिग बॉस ने फैंस को वोट्स के आधार पर किसी एक को बेघर करने का अधिकार दिया। सभी लोग अपना वोट कास्ट करते हैं और आयशा बाहर हो जाती हैं। अब फैंस को झटका लग सकता है क्योंकि खबर है कि एक और मजबूत दावेदार का सफर खत्म हो चुका है। उनके एविक्शन की न्यूज सुनते ही फैंस खुशी से फूले नहीं समाए हैं। एक ने कमेंट किया, 'ये बहुत अच्छी न्यूज है। इसने मनारा को बहुत गंदा बोला था।' एक अन्य ने लिखा, 'इसको बाहर आकर दिखेगा इससे कितनी नफरत की जाती है।' ईशा मालवीय के एलिमिनेशन से पहले विक्की जैन के एलिमिनेट होने की भी चर्चा थी। बीते कुछ दिनों में अंकिता लोखंडे के साथ झगड़े के कारण वह यूजर्स के निशाने पर रहे हैं।



फिनाले के बहुत करीब है। ऐसे में मेकर्स ऑडियंस का एंटरटेन लेवल बनाए रखने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाते नजर आ रहे हैं। फिनाले के बहुत करीब पहुंच चुके कंटेस्टेंट्स लास्ट तक बने रहने के लिए हर तरह का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार दो कंटेस्टेंट्स का सपना चूर हो जाएगा। कंट्रोवशियल रियलिटी शो बिग बॉस 17 शो कुछ ही दिनों

वेब सीरीज 'कनखजूरा' की स्टार कास्ट का एलान, इजरायली सीरीज के रीमेक में मोहित रैना निभाएंगे लीड रोल

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। पिछले साल अक्टूबर में सोनी-लिव ने इजरायली वेब सीरीज मैगपाई के हिंदी रूपांतरण कनखजूरा की घोषणा की थी। अब नये साल की शुरुआत में ओटीटी प्लेटफॉर्म ने इसकी स्टार कास्ट को रिवील किया है। सीरीज में मोहित रैना और रोशन मैथ्यू लीड रोल्स में नजर आएंगे। सारा जेन डायस भी एक प्रमुख किरदार निभा रही हैं। इजरायली शो मैगपाई 2019 में शुरू हुआ था। अब इस शो का सोनी-लिव ने कनखजूरा शीर्षक से अडेप्टेशन किया है जिसमें मोहित रैना समेत कई चर्चित कलाकार अहम किरदार निभा रहे हैं। कनखजूरा क्राइम शो है। मोहित इससे पहले द फ्रीलांसर में एक मर्सिनरी के रोल में दिखाई दिये थे जो आइएसआइएस के चंगुल से अपने दोस्त की बेटी को छुड़ाने जाता है। मोहित रैना इससे पहले डिजनी प्लस हॉटस्टार की एक्शन-थ्रिलर सीरीज द फ्रीलांसर में लीड रोल में नजर आ चुके हैं। उस सीरीज में भी सारा ने एक अहम किरदार निभाया था। कनखजूरा में अपने किरदार को लेकर मोहित ने कहा- मोहित रैना, रोशन मैथ्यू और सारा जेन डायस के अलावा शो में महेश शेट्टी, निनाद कामत, त्रिनेत्रा हलदर, हीबा शाह और उषा नाडकर्णी अहम किरदार निभाते हुए दिखेंगे। कनखजूरा सीरीज का निर्देशन चंदन अरोड़ा ने किया है, जबकि अजय राय निर्माता हैं। 2019 में आई मैगपाई इजराली क्राइम ड्रामा है। मैगपाई के केंद्र में आसा कैट्ज है, जो कत्ल के केस में 17 साल की सजा काट रहा है। पुलिस उसे इस शर्त पर जल्दी रिहा कर देती है कि वो उनके लिए मुखबिरी करेगा। आसा को इस काम के लिए मैगपाई नाम मिलता है। जेल से घर आने पर उसकी जिंदगी में कुछ और मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं, जो परिवार की वजह से हैं।

69वें फिल्मफेयर अवार्ड समारोह परफॉर्मेंस देंगी जाह्नवी कपूर, बोलीं- गुजरात मेरे लिए घर जैसा

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। फिल्मफेयर अवार्ड्स के 69वें संस्करण की मेजबानी इस साल गुजरात कर रहा है, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के लिए विश्वप्रसिद्ध है। गांधी नगर में आयोजित होने वाले इस समारोह को लेकर कलाकारों में भी काफी उत्साह है। वे बात से बेहद खुश हैं कि उन्हें एक ऐसे राज्य में जाकर लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा, जिन्हें सिनेमा से प्यार है और सांस्कृतिक तौर पर समृद्ध है। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर इस साल फिल्मफेयर में स्टेज पर परफॉर्म करने वाली हैं। समारोह में शामिल होने को लेकर जाह्नवी ने कहा कि इस बार गुजरात में फिल्मफेयर हो रहा है, जिसका सिनेमा और संस्कृति से गहरा नाता रहा है। मैंने पिछले दिनों गुजरात में काफी समय बिताया था। मैंने वहां पर अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग की है। आगे कहा कि अहमदाबाद और सूरत में फिल्म के कुछ हिस्से शूट किए हैं। क्रिकेट की ट्रेनिंग के लिए मैं वड़ोदरा गई थी। सच कहूं, तो गुजरात मुझे घर जैसा लगता है। इससे बेहतर जगह फिल्मफेयर अवार्ड समारोह के लिए इस बार नहीं हो सकती है। यह पहली बार होगा, जब फिल्मफेयर अवार्ड दो दिनों तक चलेगा। 27 और 28 जनवरी को क्रमशः टेकिन्कल अवाड्र्स और मुख्य अवाड्र्स की घोषणा होगी। जवान, पठान, एनिमल, गदर 2 फिल्में पांच सौ करोड़ के क्लब में पहुंची। गदर 2 को छोड़कर तीनों फिल्मों के साथ जरा हटके जरा बचके, राकी और रानी की प्रेम कहानी, सैम बहादुर, डंकी फिल्मों ने संगीत से जुड़ी श्रेणियों में नामांकन हासिल किया है। सर्वश्रेष्ठ गीतकार का नामांकन अमिताभ भट्टचार्य को जरा हटके जरा बचके के गाने तेरे वास्ते और राकी और रानी की प्रेम कहानी के तुम क्या मिले गाने को मिला है। सैम बहादुर के गाने इतनी सी बात के लिए गुलजार, डंकी फिल्म के गीत निकले थे कभी हम घर से के लिए जावेद अख्तर, जवान के गीत चलेया के लिए कुमार, एनिमल के गीत सतरंगा के लिए सिद्धार्थ-गरिमा और डंकी के गाने लुट पुट गया के लिए स्वानंद किरकिरे और आइपी सिंह को नामांकन मिला है। वहीं सर्वश्रेष्ठ म्यूजिक एलबम में एनिमल, डंकी, जवान, पठान, राकी और रानी की प्रेम कहानी, जरा हटके जरा बचके और तू झूठी मैं मक्कार फिल्म को नामांकन मिला है। सर्वश्रेष्ठ गायक के लिए अरिजीत सिंह को डंकी फिल्म के गाने लुट पुट गया और एनिमल के गाने सतरंगा के लिए नामांकन मिला है। वहीं एनिमल के ही गाने अर्जन वैली के लिए ही भूपिंदर बब्बल, राकी और रानी की प्रेम कहानी के गाने कुड़मई के दिन आ गए के लिए शाहिद माल्या, डंकी के गाने निकले थे कभी हम घर से के लिए सोनू निगम और वरुण जैन, सचिन-जिगर, शादाब फरीदी, अल्तमश फरीदी को जरा हटके जरा बचके फिल्म के गाने तेरे वास्ते के लिए नामांकन मिला है।



रश्मिका मंदाना संग सगाई की खबरों पर विजय देवरकोंडा ने तोड़ी चुप्पा

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। ग्लैमर वर्ल्ड के चर्चित रूमर्ड कपल्स में एक नाम रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा का भी है। पिछले कुछ सालों से दोनों गुपचुप तरीके से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कुछ दिन पहले एक जब खबर आई कि यह रूमर्ड कपल सगाई कर रहा है तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि विजय और रश्मिका इसी साल फरवरी के दूसरे हफ्ते में सगाई करने जा रहे हैं। अब सगाई की

खबर सामने आई थी कि दोनों इसी साल फरवरी में सगाई करने जा रहे हैं। कुछ समय से रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरें सामने आ रही हैं। हाल ही में एक्टर ने रूमर्ड गर्लफ्रेंड रश्मिका संग सगाई की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है। यही नहीं एक्टर ने अपनी शादी की खबरों का भी जिक्र किया है। जानिए रश्मिका और विजय सगाई करने जा रहे हैं या नहीं। कहते हैं, 'इश्क और मुश्क छुपाए नहीं छुपते'। रश्मिका और विजय के साथ भी कुछ ऐसा है। भले ही दोनों एक-दूसरे के साथ अपने रिश्ते पर हमेशा चुप्पी साधे रहे हों, लेकिन डेट या फिर वेकेशन की झलकियां उनके अफेयर की अफवाहों को हवा दे ही देती हैं। हाल ही में, खबरों पर एक्टर का भी रिएक्शन सामने आ गया है। विजय देवरकोंडा ने रश्मिका के साथ सगाई की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि न ही वह अभी सगाई कर रहे है और ना ही शादी। लाइफस्टाइल एशिया के साथ बातचीत में 'लाइगर' एक्टर ने कहा- 'एनिमल' के बाद रश्मिका मंदाना अपनी मच अवेटेड फिल्म 'पुष्पा 2' (झ्रूर्फ्ज 2) की शूटिंग में बिजी हैं। अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म इसी साल 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा उनके पास 'रैम्बो' और 'द गर्लफ्रेंड' फिल्में हैं। वहीं, विजय देवरकोंडा की आगामी फिल्म 'फैमिली स्टार' है। आखिरी बार उन्हें सामंथा रुथ प्रभु के साथ फिल्म 'खुशी' में देखा गया था।



ऋतिक रोशन ने फाइटर की शूटिंग के लिए छोड़ दिया था अपना ये शौक, 14 महीने बाद किया पूरा

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन जल्द फिल्म 'फाइटर' में नजर आने वाले हैं। ऐसे में फैंस

के लिए एक-एक दिन का इंतजार करना काफी मुश्किल हो रहा है। फैंस के बीच मूवी को लेकर जबरदस्त बज हुआ है। पांच दिन बाद पर्दे पर ये फिल्म रिलीज होने जा रही हैं।14 श्दहूप् दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन जल्द फिल्म फाइटर में नजर आने वाले हैं। फैंस के बीच मूवी को लेकर जबरदस्त बज हुआ है। पांच दिन बाद पर्दे पर ये फिल्म रिलीज होने जा रही हैं। रिलीज से पहले मूवी का ट्रेलर और सारे गाने रिलीज किया जा चुका है। यूं जो दर्शकों को मूवी के सारे गाने पसंद आए। हालांकि, रिलीज से पहले मूवी का ट्रेलर और सारे गाने रिलीज किया जा चुका है। यूं जो दर्शकों को मूवी के सारे गाने पसंद आए, लेकिन एक सबका फेवरेट बना हुआ है जो है 'इश्क जैसा कुछ'। इस गाने में दीपिका और ऋतिक का रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है। वहीं अब मेकर्स ने इस गाने का मेकिंग वीडियो शेयर किया है, जिसमें खुलासा हुआ है कि ऋतिक ने इस गाने के काफी मेहनत की थी। इतना ही नहीं उन्होंने 14 महीनों तक किसी मिठाई को भी हाथ नहीं लगाया था। इश्क जैसा कुछ गाने के लिए दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन ने खूब मेहनत की थी। दोनों ने अपनी डाइटिंग का पूरा-पूरा ख्याल रखा था, क्योंकि इस गाने में दोनों की हॉट केमेस्ट्री नजर आ रही हैं। ऋतिक और दीपिका को बीच वियर में अपनी 10/10 बॉडी दिखाते हुए दिखाया गया है।

सलमान खान ने अंकिता लोखंडे की जेठानी से पूछे चुभने वाले सवाल, विक्की की मां पर झल्लाए भाईजान

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 17' में जब से अंकिता

लोखंडे और विक्की जैन ने एंट्री की है, तब से दोनों के बीच का झगड़ा सुर्खियां बटोर रहा है। एक वक्त दोनों के बीच लड़ाई इतनी बढ़ गई कि उन्हें समझाने के लिए अंकिता और विक्की की मांओं को आना पड़ा। हालांकि, चीजें नहीं सुधरीं।रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 के अपकमिंग वीकेंड का वार में घरवालों के परिवारवाले आएंगे। सलमान खान कंटेस्टेंट्स की फैमिली को क्लास लगाते दिखाई देंगे। शो का लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है जिसमें सल्लू मियां अंकिता की जेठानी से विक्की की मां के विवादित बयान को लेकर सवाल पूछते नजर आ रहे हैं। फिर फैमिली वीक के दौरान विक्की जैन की मां ने एंट्री की और उन्होंने बहू अंकिता को हर चीज का जिम्मेदार ठहराया। विक्की की मां ने यहां तक कहा कि जब उन्होंने पति को लात मारी तो उनके पिता ने अंकिता की मां को फोन कर खरी-खोटी सुनाई थी। बाद में अंकिता ने अपनी सासू मां से माफी मांगी थी। बात यहीं खत्म नहीं हुई थी। बिग बॉस से निकलने के बाद विक्की जैन की मां ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि विक्की और अंकिता की शादी के सपोर्ट में उनका परिवार नहीं था। यह भी कहा था कि अगर विक्की अंकिता से शादी न करता तो शायद बिग बॉस में न होता। कोई आम लड़की विक्की को बिग बॉस तक न पहुंचा पाती। इस बयान के बाद अंकिता की सास को खूब आलोचना सहनी पड़ी थी। अपकमिंग वीकेंड का वार में एक बार फिर कंटेस्टेंट्स के घरवालों को बुलाया जाएगा। इस बार अंकिता की सास के बदले शो में उनकी जेठानी आएंगी। शो का लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है, जिसमें सल्लू मियां विक्की की भाभी से तीखे सवाल पूछते नजर आ रहे हैं। वीकेंड का वार में सलमान ने अंकिता की जेठानी से पति-पतनी के रिश्ते पर उनका प्वॉइन्ट ऑफ व्यू पूछा। इस पर अंकिता की जेठानी ने कहा, ठअब जो दिख रहा है, वो हमें भी कुछ-कुछ चीजें हैं जो ठीक नहीं लग रही हैं। वो चीजें नहीं होनी चाहिए।ठ इसके बाद सलमान खान ने पूछा कि विक्की की मां ने प्रेस को दिए एक बयान में कहा था, ठहम हमेशा से विक्की और अंकिता की शादी के खिलाफ थे। क्या यह सच है अंकिता की जेठानी तो इस सवाल पर चुप रहीं, लेकिन उनकी मां ने हैरानगी जताई।

महेश बाबू की फिल्म का जलवा बरकरार, क्लैश के बावजूद 'गुंटूर कारम' ने की गाढ़ी कमाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। तेलुगू भाषा की एक्शन ड्रामा फिल्म 'गुंटूर कारम' ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक धुंआधार

कमाई की है। इस मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज हुई 'गुंटूर कारम' ने टिकट विंडो पर अच्छी से अच्छी फिल्मों को मात दी है। हालांकि, इसे सबसे टफ कॉम्पटीशन तेज्जा सज्जा की 'हनु मैन' से मिल रहा है, जो कि बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार कमाई करने से पीछे नहीं है। 8 महेश बाबू के फैंस को उनकी फिल्मों का इंतजार रहता है। एक्टर की एक लंबे ब्रेक के बाद गुंटूर कारम रिलीज हुई जिसे देखने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ते का समय बीत चुका है। इस मूवी को टिकट विंडो पर हनु मैन जैसी फिल्म से कड़ी टक्कर मिलते देखने को मिल रही है। मकर संक्रांति के मौके पर 12 जनवरी को कई फिल्मों ने टिकट विंडो पर दस्तक दी। इनमें 'गुंटूर कारम' और 'हनु मैन' के अलावा 'कैप्टन मिलर', 'मैरी क्रिसमस' और 'अयलान' भी शामिल हैं। बड़े पर्दे पर महाक्लैश के बावजूद महेश बाबू की गुंटूर कारम को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पांस मिला और इसने जमकर नोट भी छापे। हालांकि, पिछले कुछ दिन से 'हनु मैन' फिल्म की कमाई पर भारी पड़ती नजर आ रही है। आइये यहां जानते हैं कि 'गुंटूर कारम' ने शुक्रवार को कितनी कमाई कर ली। दो साल के ब्रेक के बाद महेश बाबू ने 'गुंटूर कारम' से स्क्रीन पर कमबैक किया है। इस फिल्म में फैंस उन्हें गैंगस्टर के रोल में देख सकते हैं। हालांकि, मूवी पूरी तरह से निगेटिव न होकर थोड़ी कॉमेडी भी है। जैसे ही ये फिल्म रिलीज हुई, शुरुआती दिनों में इसे देखने के लिए फैंस की सिनेमाघरों में भीड़ उमड़ पड़ी। यहां तक कि 'गुंटूर कारम' ने रिलीज के साथ ही कॉम्पटीटर फिल्मों की हवा भा टाइट कर दी और छह दिनों में ही 100 करोड़ का आंकड़ा टच किया। अब फिल्म के आठवें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 'गुंटूर कारम' ने रिलीज के 8वें दिन 3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 110.90 करोड़ हो गया है। 'गुंटूर कारम' ग्लोबल कलेक्शन में भी ताबड़तोड़ बिजनेस कर रही है। 82.08 करोड़ से खाता खोलने वाली ये फिल्म 200 करोड़ की कमाई के करीब पहुंच गई है। फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 180.85 करोड़ हो गया है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।

सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।